दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश में प्रसारित!

R.N.I.68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा शुक्रवार 05 दिसम्बर 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 905



## संक्षिप्त खबरें ।

### पुलिस महानिदेशक ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं




**लोकतंत्र की आवाज**
**संवाददाता विनोद प्रसाद**

**पटना।** बिहार पुलिस मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने आम नागरिकों की समस्याएं सीधे सुनते हुए उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोग विभिन्न शिकायतों, पुलिस कार्रवाई से संबंधित मुद्दों, लंबित मामलों, पारिवारिक विवाद, भूमि व संपत्ति विवाद, साइबर क्राइम तथा अन्य जनहित मामलों को लेकर पहुंचे।

डीजीपी ने प्रत्येक आवेदक की बात ध्यानपूर्वक सुनी तथा मामले के त्वरित निस्तारण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य जनता और पुलिस प्रशासन के बीच संवाद को मजबूत बनाना तथा लोगों की समस्याओं का निष्पक्ष एवं त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई की जाए ताकि आम नागरिकों का पुलिस प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हो सके।

कार्यक्रम के दौरान आवेदकों को अपने मामलों की प्रगति के बारे में अवगत कराया गया तथा कई मामलों में मौके पर ही समाधान प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है जहां नागरिक बिना किसी औपचारिकता के अपने मुद्दे रख सकते हैं। बिहार पुलिस का उद्देश्य है कहीं भी, कभी भी झ जनता की सेवा और सुरक्षा₹, इसी कड़ी में जनसुनवाई व्यवस्था जनता को न्याय दिलाने और शिकायत निवारण को पारदर्शी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## आखिरकार एसआईआर पर मोदी सरकार ने टेके घुटने, सुप्रीम कोर्ट में फंस गए ज्ञानेश

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नईदिल्ली।** दोस्तों, आखिकार एसआईआर को लेकर पीएम साहब और उनके बहुत करीबी अफसर यानि कि ज्ञानेश जी बुरा फंसते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक ओर जहां सरकार एसआईआर को लेकर घुटनों पर आ गई है और सदन में चर्चा कराने को तैयार हुई है तो वहीं दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट में भी ज्ञानेश कुमार के विभाग को नोटिस जारी हुई है। बडा सवाल यह निकल कर समाने आया है कि आखिर सरकार को क्यों विपक्ष के आगे घुटने टेकने पर मजबूर होना पड़ा है और कैसे एसआईआर पर चर्चा का ऐलान करने के बाद भी मोदी सरकार पर सवाल उठ रहे हैं, ये सबकुद हम आपको आगे इस रिपोर्ट में बताने वाले हैं। साथ ही इस पर भी चर्चा करेंगे कि कैसे सुप्रीम कोर्ट में अचानक खेल पलटता हुआ दिखाई दे रहा है।

दोस्तो, जैसा कि आप सभी जानते हैं कि विपक्ष बिहार में एसआईआर के ऐलान होने के बाद से ही इसका विरोध कर रहा है लेकिन न तो सरकार सुन रही थी और न ही इलेक्शन चीफ ज्ञानेश कुमार। क्योंकि सरकार का रवैया एसआईआर को लेकर पॉजटिव है, इसलिए ज्ञानेश कुमार भी विपक्ष को बहुत भाव देते नहीं दिख रहे थे। बिहार में एसआईआर खत्म करते ही उन्होंने देश के 12 राज्यों में एक साथ एसआईआर कराने का फैसला ले लिया, हालांकि पहले भी ये मामला सुप्रीम कोर्ट में था और अब भी ये मामला सुप्रीम कोर्ट में ही है लेकिन दूसरी ओर विपक्ष सड़क से लेकर संसद तक एसआईआर का विरोध कर रहा है।

आपको याद दिला दें कि मानसून सत्र में एसआइइआर को लेकर विपक्षी दलों ने काफी विरोध किया था लगभग 10 दिन संसद की कार्रवाइ पूरी तरह से ठप्प रही लेकिन उसके बाद भी मोदी सरकार ने एसआइइआर पर चर्चा कराना मुनासिब नहीं समझा और सत्र खत्म हो गया। बाद में बिहार में एसआईआर हुआ और एनडीए की सरकार बन गई। हालांकि इसके बाद भी विपक्ष ने एसआईआर के मुद्दे को नहीं छोड़ा और दो दिन से लगातार सदन में एसआईआर को लेकर भयंकर गतिरोध जारी है लेकिन इस बार दो ही दिन में सरकार चर्चा के लिए तैयार हो गई यानि कि एसआईआर पर मोदी सरकार चर्चा के लिए तैयार है, हलांकि सरकार की ओर से इसका नाम बदलकर चुनाव सुधार कर दिया गया है लेकिन सच में यह चर्चा एसआईआर पर ही है।

आपको बता दें कि देश में करीब एसआईआर में करीब 28 बीएलओ की मौत हो गई है, लाखों लोगों के नाम मतदाता सूची से निकाल दिए गए हैं लेकिन जब मानसून सत्र में चर्चा कराने की मांग हो रही थी तो सरकार ने इस पर चर्चा कराना बेहतर नहीं समझा बल्कि बिहार में एसआईआर कराकर चुनाव करवा दिया है लेकिन पिछले 10 दिन और अब के दो दिन सदन की कार्रवाई बर्बाद होने के बाद अचानक सरकार को चुनाव सुधार की याद आ गई है। हालांकि सरकार माना जा रहा है कि विपक्ष के दबाव में सरकार घुटनों पर आई है लेकिन बड़ा सवाल यह है कि अगर सरकार को चर्चा की कराना था तो क्यों सदन के 12 दिन बर्बाद करवाए, क्यों नहीं मानसून सत्र में ही एसआईआर का नाम बदल कर ही चर्चा करा ली होती। आपको बता दें कि आज ही कांग्रेस ने सदन में धारा 267 का जिक्रकरके एसआईआर पर चर्चा कराने की मांग की थी लेकिन सब्जेक्ट को उठाया नहीं गया, इस पर राज्य सभा के सभापति और कांग्रेस अध्यक्ष माल्लिकार्जुन खरगे में तीखी नोकझोंक भी हुई।

आपको बता दें कि एसआईआर इस गतिरोध के बीच संसद भवन के बाहर आज इंडिया गठबंधन ने एसआईआर के विरोध में मजबूत प्रदर्शन किया। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि मोदी जी कह तो जाते हैं कि संसद भारत के लोगों का है, मगर जनता के जरूरी मुद्दों पर चर्चा से भागते रहते हैं. लोकतंत्र में मताधिकार से बड़ा जनता का मुद्दा क्या हो सकता है? इसलिए विपक्ष की मांग है कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संसद में एसआईआर पर गंभीर चर्चा हो. ।वोट से ही नागरिक के सारे अधिकार हैं और एसआईआर साफ तौर पर देश के गरीबों और बहुजनों के वोट काटने और चुनावों को एकतरफा बनाने का हथियार है।

बैठक में सदन को चलाने के लिए चर्चा हुई। बाद में .कार्य मंत्रणा परिषद की बैठक में 9-10 दिसंबर को लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा होगी। 8 दिसंबर को सदन में वंदे मातरम पर चर्चा होगी। आपको बात दें कि इस नोटिस जारी हो गया है लेकिन सवाल यह है कि अगर सरकार को कराना था तो सदन का 12 दिन क्यों बर्बाद किया। क्या बिहार चुनाव के लिए सरकार ने मानसून सत्र में एसआईआर पर चर्चा नहीं कराई थी। आपको बता दें कि इसको लेकर मोदी सरकार सवालों के घेरे में फंस गई है।4पीएम न्यूज का साभार।

## सदन में राजद से बोले नीतीश, अब कभी आपके साथ नहीं आएंगे, विपझ ने दिया तगड़ा जवाब



**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज (गुरुवार) चौथा दिन है. सदन में नीतीश कुमार ने आरजेडी विधायक भाई वीरेंद्र को कहा कि आप लोगों को तो बीच बीच में साथ रखे थे हम, लेकिन आप लोग गड़बड़ करने लगे तो आपको छोड़ दिए. सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि अब कभी नहीं आएंगे आपके साथ. आप लोग गड़बड़ करते हैं।

**आपकी कौन सी बात हम लोग मानें? :** सीएम नीतीश कुमार के बयान पर आरजेडी की ओर से भी पलटवार किया गया. आरजेडी के सचेतक कुमार सर्वजीत ने तगड़ा जवाब देते हुए नीतीश कुमार से कहा कि आपकी कौन सी बात हम लोग मानें? आप जब हमारे साथ होते हैं तो कहते हैं कि बीजेपी संविधान खत्म कर देगी और बीजेपी के साथ जब आप जाते हैं तो कहते हैं कि केंद्र सरकार बिहार का सहयोग कर रही है।

**नीतीश कुमार ने किया कामों का जिक्र :** सदन में नीतीश कुमार ने अपने कामकाज को गिनाया. नीतीश ने कहा कि हम 20 सालों से बिहार को आगे बढ़ा रहे हैं. बिहार की जनता का आभार व्यक्त करता हूं कि इस बार के विधानसभा चुनाव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया. शुरू से ही बिहार में काम हो रहा, अब बिहार में डर का माहौल नहीं है. पहले कितना हिंदू-मुस्लिम में झगड़ा होता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2005 के बाद कब्रिस्तान से लेकर मंदिर की घेराबंदी की गई. हम लोगों ने शिक्षा पर ध्यान दिया और कई नए स्कूलों को खोला. अब बिहार में नियोजित शिक्षकों की संख्या 5 लाख 20 हजार हो गई है. उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य पर भी हमने ध्यान दिया. 2006 से हॉस्पिटल में मुफ्त दवा और इलाज की व्यवस्था की गई. अब हर महीने पीएचसी में 11000 से ज्यादा मरीज आते हैं।

सीएम ने कहा कि बिहार में हर जिलों में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं. पीएमसीएच को 2500 बेड का हॉस्पिटल बनाया जा रहा है.

## पुतिन की यात्रा को लेकर राहुल गांधी का बड़ा आरोप, सरकार विदेशी प्रतिनिधिमंडल से मिलने नहीं दे रही

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नईदिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की 4-5 दिसंबर 2025 को भारत यात्रा के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर गंभीर आरोप लगाया है. उन्होंने दावा किया है कि सरकार विपक्ष के नेताओं को किसी भी विदेशी प्रतिनिधिमंडल या मेहमान से मिलने नहीं दे रही, जो लोकतंत्र के लिए खतरनाक परंपरा है. राहुल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह के दौर में ऐसी कोई पाबंदी नहीं थी, जब विपक्ष के नेता को विदेशी मेहमानों से मिलने का मौका मिलता था. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब वह खुद विदेश यात्रा पर जाते हैं, तो सरकार उन्हें रोकती है, जो सरकार की ₹असुरक्षा₹ को दर्शाता है।राहुल का यह बयान संसद के विंटर सेशन के दौरान आया, जहां पुतिन की यात्रा पर चर्चा हो रही थी. टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, राहुल ने कहा, ₹सामान्य परंपरा रही है कि जो भी भारत आता है, छङ्गढ से मुलाकात होती है।

**प्रियंका गांधी ने भी लगाया आरोप :** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी इस मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा, विपक्ष के नेता से पुतिन को न मिलने देना अच्छी परंपरा नहीं है. यह असुरक्षा के भाव से प्रेरित है. प्रियंका ने जोर दिया कि विपक्ष देश का हिस्सा है और विदेशी मेहमानों से उसकी मुलाकात लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करती है।

**रामदास आठवले का आया जवाब**
केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास आठवले ने राहुल और प्रियंका के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया. उन्होंने कहा, ऐसी कोई बात नहीं है. अगर विपक्ष के नेता किसी विदेशी नेता से मिलना चाहते हैं, तो अपॉइंटमेंट लेकर मिल सकते हैं. आठवले ने इसे राजनीतिक स्टंट बताते हुए कहा कि सरकार किसी को रोक नहीं रही, बल्कि प्रोटोकॉल का पालन हो रहा है।

**पुतिन की यात्रा और परंपरा :** पुतिन की यह यात्रा 2022 के यूक्रेन संघर्ष के बाद उनकी पहली भारत यात्रा है. इसमें पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक, रक्षा सौदे (जैसे ब्रह्मोस मिसाइल और र-400 सिस्टम), तेल व्यापार और श्रमिक गतिशीलता समझौते पर फोकस होगा।

## काम का बोझ कम करें ... सुप्रीम कोर्ट ने SIR के दौरान बीएलओ की मौतों पर दिए कई बड़े निर्देश

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नईदिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने रक्क्र के दौरान बीएलओ की मौतों पर गंभीर चिंता जताई है. बीएलओ पर काम का बोझ कम करने के लिए निर्देश दिए गए हैं. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये राज्यों की जिम्मेदारी है. राज्य सरकारें और कर्मचारी लगाएं ताकि काम के घंटे उसी हिसाब से कम किए जा सकें.अगर किसी कर्मचारी के पास ड्यूटी से छूट मांगने की कोई खास वजह है तो संबंधित अधिकारी केस-टू-केस आधार पर इस मुद्दे पर विचार कर सकते हैं. जहां दस हजार हैं वहां 20 या 30 हजार कर्मी लगाए जा सकते हैं. अगर कोई बीमार या असमर्थ है तो राज्य वैकल्पिक कर्मचारी तैनात कर सकता है. इसका यह मतलब नहीं निकाला जाएगा कि राज्य एउकके लिए ज़रूरी वर्कफ़ोर्स लगाने के लिए मजबूर होंगे. अदालत ने कहा कि जरुरत के अनुसार संख्या बढ़ाई जा सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चूंकि यह एक वैधानिक कार्य है. राज्य सरकारें अतिरिक्त कर्मचारी उपलब्ध कराएंगी, ताकि मौजूदा कर्मचारियों पर कार्यभार और कार्य के घंटे आनुपातिक रूप से कम हो सकें. सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता के चुनाव आयोग पर आरोप को मानने से इनकार किया।

**सीजेआई सूर्य कांत क्या कहा?:** सीजेआई सूर्य कांत ने टिप्पणी की कि बीएलओ राज्य सरकार के कर्मचारी हैं, अगर कोई बीमार या असमर्थ है तो राज्य वैकल्पिक कर्मचारी तैनात कर सकता है. याचिकाकर्ता ने कहा कि 9 राज्यों और 3 केंद्रशासित प्रदेशों से डेटा दिया गया है जहां सीजेआई चल रहा है. हर राज्य में ऐसे परिवार हैं जिनके बच्चे अनाथ हो गए, माता-पिता बिछड़ गए क्योंकि ECI, बीएलओ को सेक्शन 32 के नोटिस भेज रही है. ECI ने याचिका को पूरी तरह झूठा और बेबुनियाद बताया और कहा कि इसे खारिज कर देना चाहिए।

**टीवीके ने दायर की है याचिका :** गौरतलब है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी sir प्रक्रिया को चुनौती देने के सिलसिले में तमिलनाडु के राजनीतिक दल टीवीके की याचिका पर सुनवाई के दौरान, सुप्रीम कोर्ट में दलील दी गई कि अब तक देश के अलग अलग राज्यों में 35–40 BLOs की मृत्यु हो चुकी है।

## यूपी में अकेले चुनाव लड़ेगी कांग्रेस, खत्म हो रहा है इंडिया गठबंधन

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नईदिल्ली।** कांग्रेस ने उत्तरप्रदेश के स्थानीय चुनाव में अकेले मैदान में उतरने का एलान किया है. बुधवार को दिल्ली में राहुल गांधी ने यूपी के कांग्रेस सांसदों की बैठक बुलाई थी जिसके बाद पार्टी के प्रभारी अविनाश पांडे ने इसका ऐलान किया. इस एलान के बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या कांग्रेस ने साइकल की सवारी₹ छोड़ दी है? हालांकि कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि ऐसा 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को मजबूत बनाने के मकसद से किया जा रहा है ताकि समाजवादी पार्टी के सामने ₹मोलभाव की ताकत₹ बढ़ सके।

**यूपी में पंचायत चुनाव अकेले लड़ेगी कांग्रेस :** राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ बैठक के बाद दस जनपथ पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा, ₹संगठन सृजन और आने वाले दिनों में जो चुनावी चुनौतियां हमारे सामने हैं, उन पर चर्चा हुई. हमें विधानसभा की सभी सीटों पर संगठन को मजबूती के साथ तैयार करना है. साथ ही पंचायती चुनाव में कांग्रेस स्वतंत्र रूप से उतरेगी और भाग लेगी. आगे जैसी भी परिस्थितियां होंगी। यूपी कांग्रेस के प्रभारी ने यह भी कहा कि बैठक में 14 दिसबंर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली को सफल बनाने को लेकर चर्चा हुई. यह भी चर्चा हुई कि हमें एसआईआर का जवाब किस तरह देना है? बारह राज्यों में गलत तरीके से हो रहे एसआईआर के कारण सैंकड़ों बीएलओ दुखी हैं और आत्महत्या कर रहे हैं।

**गठबंधन पर राहुल गांधी ने क्या कहा? :** सूत्रों में मुताबिक बैठक में राहुल गांधी ने कांग्रेस नेताओं को अगले छह महीने में संगठन को मजबूत करने और लोगों के मुद्दों को उठाने की नसीहत दी. वहीं सूत्रों ने बताया कि विधानसभा चुनाव में किसी तरह के गठबंधन को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि यह आगे देखा जाएगा. बैठक में मौजूद एक सांसद ने कहा कि पंचायत चुनाव में संगठन के पुराने जमीनी कार्यकर्ताओं को परखने और नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने का मौका मिलता है. जब संगठन मजबूत होगा तभी विधानसभा चुनाव या लोकसभा चुनाव में फायदा मिलेगा. पंचायत चुनाव कभी गठबंधन में नहीं लड़े जाते. इसका कोई और मतलब नहीं निकालना चाहिए।

**हम एसपी के पिछलग्गू नहीं : कांग्रेस सांसद**
वहीं एक दूसरे कांग्रेस सांसद ने कहा कि, समाज वादी पार्टी कांग्रेस को पिछलग्गू समझती है. कांग्रेस आलाकमान चाहता है कि पार्टी यूपी में मजबूत संगठन बनाए ताकि विधानसभा चुनाव में सम्मानजनक सीटें मिल सके. कोई भी समझौता सम्मान के बिना नहीं हो सकता. अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि कांग्रेस का समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन खत्म हो गया है लेकिन जरूरी नहीं कि हम विधानसभा चुनाव साथ ही लड़ें! लेकिन बिना कांग्रेस अखिलेश यादव दुबारा सीएम नहीं बन सकते. यूपी में अगले साल की शुरुआत में पंचायत चुनाव होने हैं।

**समाजवादी पार्टी को कांग्रेस का संदेश :** इस जीत का श्रेय समाजवादी पार्टी को मिला तो कांग्रेस नेताओं ने दलील दी कि कांग्रेस के कारण दलितों ने इंडिया गठबंधन को वोट दिया. लोकसभा चुनाव के बाद यूपी में विधानसभा की दस सीटों पर हुए उपचुनाव में मनमुताबिक सीटें नहीं मिलने के कारण कांग्रेस ने चुनाव से खुद को पीछे खींच लिया.

## विधान परिषद में गर्मागर्मी, संशोधन प्रस्ताव पर तकरार, विपक्ष का वॉकआउट

**लोकतंत्र की आवाज**



**संवाददाता विनोद प्रसाद**

**पटना।** विधान परिषद में गुरुवार का दिन सियासी गहमागहमी और प्रक्रियात्मक विवादों के नाम रहा। राज्यपाल के अभिभाषण पर सरकार की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जवाब देने खड़े हुए, लेकिन इससे पहले ही सदन का माहौल गरमा गया। विपक्ष ने आरोप लगाया कि उन्हें संशोधन प्रस्ताव पर बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा है और यह लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है।

सभापति अवधेश नारायण सिंह ने स्पष्ट किया कि संशोधन प्रस्ताव समेकित रूप से ले लिया गया है। सदन के नेता के बोलने के बाद यदि आवश्यकता हुई तो अवसर दिया जाएगा। यह आसन का विशेषाधिकार है।लेकिन विपक्षी सदस्यों ने इसे प्रक्रियागत अन्याय बताते हुए जोरदार आपत्ति जताई। स्थिति तब और तनावपूर्ण हो गई जब नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी खड़ी हुईं और कहा कि विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है। इसके बाद उनके नेतृत्व में राजद, कॉंग्रेस और वाम दलों के सदस्यों ने एकजुट होकर सदन से वॉकआउट कर दिया।

उधर, सदन के भीतर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अभिभाषण पर विस्तृत जवाब दिया और सरकार की उपलब्धियाँ गिनाईं। विपक्ष की अनुपस्थिति के बीच संशोधन प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया गया, जबकि धन्यवाद प्रस्ताव को सदन ने स्वीकृति प्रदान की। वॉकआउट के कारण चर्चा में विपक्ष की गैर-मौजूदगी ने पूरे घटनाक्रम को और भी राजनीतिक रंग दे दिया। कई सदस्यों का मानना है कि यह टकराव आगे भी सदन की कार्यवाही में असर डालेगा।अंततः, सभापति ने सदन की कार्यवाही शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

## ममता के लिए नई चुनौती? हुमायूं कबीर खड़े कर रहे हैं मुश्किलें, क्या मुस्लिम वोट बैंक में दरार पड़ने वाली है?

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नईदिल्ली।** धीरे-धीरे रे मना, धीरे सब कुछ होयङ्ख₹ संत कबीर का यह दोहा आज पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक नए मोड़ पर खड़ा है. मुर्शिदाबाद के विधायक हुमायूं कबीर, जिनकी तस्वीर अब सुर्खियों में है, कबीर की इस सीख को अपने अंदाज़ में जीते दिख रहे हैं. तृणमूल कांग्रेस से बाहर होने के बाद हुमायूं कबीर अब अपनी राजनीतिक जमीन खुद तैयार कर रहे हैं. बाबरी मस्जिद के नाम पर उठी बहस ने बंगाल की सियासत में हलचल मचा दी है. सवाल यह है कि क्या हुमायूं का यह कदम ममता बनर्जी की जीत की रणनीति को प्रभावित करेगा?

**हुमायूं कबीर का नया दांव :** तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित होने के बाद हुमायूं कबीर ने ऐलान किया है कि वह दिसंबर में अपना नया दल बनाएंगे और 2026 के विधानसभा चुनाव में 135 सीटों पर उम्मीदवार उतारेंगे. यह घोषणा ऐसे समय आई है जब वह पिछले एक महीने से मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद बनाने की कवायद कर रहे थे. दिलचस्प बात यह है कि तृणमूल कांग्रेस की सरकार में रहते हुए भी उन्हें मस्जिद के लिए जमीन नहीं मिल सकी। हुमायूं बार-बार कहते रहे कि 6 दिसंबर को बाबरी मस्जिद की स्थापना करेंगे. लेकिन प्रशासन की अनुमति न मिलने और पार्टी की चुप्पी ने उनके राजनीतिक समीकरण बदल दिए. 4 दिसंबर को तृणमूल कांग्रेस ने उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया।

**क्या है विवाद की जड़?:** हुमायूं कबीर का बयान कि मस्जिद का नाम 'बाबरी' होगा, विवाद का केंद्र बन गया. बंगाल में तृणमूल कांग्रेस हमेशा से तुष्टीकरण के आरोपों से घिरी रही है. पार्टी जानती है कि उसके वोटर सिर्फ मुस्लिम नहीं, बल्कि लाखों हिंदू भी हैं। जिनकी आस्था राम मंदिर, काली और दुर्गा पूजा से जुड़ी है।

## बाबरी मस्जिद बनाने पर अड़े हुमायूं कबीर टीएमसी से सस्पेंड, जानें बंगाल चुनाव से पहले ममता ने क्यों उठाया बड़ा कदम

**लोक तंत्र की आवाज़**



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद बनाने पर अड़े विधायक हुमायूं कबीर को पार्टी से सस्पेंड कर दिया गया है. टीएमसी विधायक ने 6 दिसंबर को बाबरी मस्जिद की नींव रखने की घोषणा की थी. हुमायूं कबीर को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की नाराजगी भी बताई जाती है. उन्होंने अपनी ओर से घोषणा की थी कि वो जब बाबरी मस्जिद की बुनियाद रखेंगी तो सीएम ममता बनर्जी समेत टीएमसी के बड़े नेता शामिल होंगे. हालांकि तृणमूल कांग्रेस ने उनके इस अभियान से पल्ला झाड़ लिया था. पार्टी सूत्रों का कहना था कि हुमायूं कबीर विधायकी का टिकट पाने के लिए दबाव की रणनीति अपनाते हुए ऐसा कर रहे थे, लेकिन उनका ये दांव उल्टा पड़ा. कबीर ने बंगाल पुलिस को भी चुनौती देते हुए कहा था कि कोई भी उन्हें बाबरी मस्जिद की नींव रखने से रोक नहीं पाएगा।

तृणमूल सूत्रों का कहना है कि पार्टी ऐसे विवादित मामले में हुमायूं कबीर के साथ नहीं खड़ी होगी. ममता बनर्जी का ये संदेश पार्टी विधायकों, सांसदों और अन्य नेताओं तक पहुंचा दिया गया था. ममता बनर्जी की गुरुवार को मुर्शिदाबाद जिले में रैली के ठीक पहले कबीर पर ये कार्रवाई की गई है. हुमायूं कबीर मुर्शिदाबाद के भरतपुर विधानसभा से ही विधायक हैं. मुर्शिदाबाद जिले की 19 सीटों में ज्यादातर मुस्लिम बहुल हैं. वो मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की बुनियाद रखने पर अड़े हुए थे। वहीं सस्पेंशन के बाद हुमायूं कबीर ने कहा कि वो पार्टी से खुद ही इस्तीफा दे देंगे और जरूरत पड़ी तो 22 दिसंबर को मुर्शिदाबाद में नई पार्टी बनाकर मैदान में उतरेंगे। भाजपा इस मुद्दे को लेकर लगातार टीएमसी पर निशाना साध रही थी.शुभेंदु अधिकारी और अन्य बीजेपी नेताओं का आरोप था कि बंगाल सरकार पर्दे के पीछे से हुमायूं कबीर का समर्थन कर रही है. ये सरकार की मुस्लिम तुष्टीकरण की रणनीति है.

## संक्षिप्त खबरें ।

### 14 वर्षों से फरार दो इश्तेहार अभियुक्त गिरफ्तार



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला नवादा।** थाना पुलिस ने बुधबार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 14 वर्षों से फरार चल रहे दो इश्तेहार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी एएसआई संजीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गई। थाना अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान झगरी बीघा गांव निवासी मुन्ना कुमार और चैली गांव निवासी सुबोध कुमार के रूप में हुई है। दोनों के विरुद्ध हिसुआ थाना कांड संख्या 197/11 दर्ज था, जिसमें वे लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दोनों को दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी कर उन्हें व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया गया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि फरार चल रहे अभियुक्तों पर पुलिस की निगरानी लगातार बनी हुई है और आगे भी ऐसे अभियुक्तों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

### पकरीबरावा : आईटी एक्ट के मामले में पुलिस ने किया गिरफ्तार

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखंड पुलिस ने आईटी एक्ट के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। प्रशिक्षु डीएसपी पौरुष अग्रवाल ने बताया कि पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय के संचित कुमार साव को आईटी एक्ट के मामले में गिरफ्तार किया गया है। सोशल मीडिया पर धमकी एवं ब्लैकमेल करने करने के आरोप में उसे गिरफ्तार किया गया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### पकरीबरावा : कृषि उत्पादों को सड़क पर रखने से परेशानी

**लोकतंत्र की आवाज**

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** प्रखंड मुख्यालय पकरीबरावा में मुख्य सड़कों पर कृषि उत्पादों के रखे जाने से लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। इन स्थानों पर कृषि उत्पादों के कारण दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है। गौरतलब है कि पुआल आदि को बीच सड़क पर रख दिया जाता है।

### राईस रोड में आधा घण्टे तक सड़क जाम

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** प्रखंड मुख्यालय पकरीबरावा में स्थित राईस रोड में जलपार के पास दोनों ओर से ट्रक एवं अन्य वाहनों से लगभग आधा घण्टे तक सड़क जाम रहा। लोगों ने बताया कि सड़क की चौड़ाई काफी कम होने के कारण अक्सर जाम लग जाता है। इस मार्ग पर हमेशा दुर्घटना होते रहता है। लोगों ने सड़क की चौड़ाई बढ़ाने की मांग की है।

### पकरीबरावां में वारंटी गिरफ्तार

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखंड स्थित गांव राजेबीघा से एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि राजेबीघा से वारंटी गेनू यादव को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि वारंटियों एवं कांडों के आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# लवकुश की जन्मभूमि और माता सीता की निर्वासन स्थली पर प्रत्येक वर्ष अगहन पूर्णिमा को होता है आयोजन

## ग्रामीण संस्कृति का अद्भुत मिसाल है नवादा का चार दिवसीय सीतामढ़ी मेला

**लोक तंत्र की आवाज**

**सुनील कुमार**

**नवादा।** प्रत्येक वर्ष हिन्दी महीने के अगहन पूर्णिमा के दिन लगने वाला जिले का प्रसिद्ध सीतामढ़ी मेला आज के वर्तमान परिवेश में भी खुद के भीतर ग्रामीण संस्कृतियों को संजोये हुए है। जो यहाँ के मेला में आज भी देखने को मिलता है। एक ओर जहाँ खेती किसानी से जुड़े सामानो की खरीद बिक्री देखने को मिलता है तो वहीं दूसरी ओर काष्ठ कला से जुड़ी वस्तुओं की सजी बड़ी - बड़ी दुकान मेला का शोभा बढ़ाता है। मेला में अगर सबसे ज्यादा लोगों आकर्षित करता है तो वह है। ग्रामीण परिवेश से जुड़ी वस्तुओं की सजी दुकान। वर्तमान भौतिक परिवेश में जहाँ अन्य मेला में लोग चाट, चौमिन, गोलगप्पा आदि व्यंजनों का सुस्वाद लेते हैं तो यहाँ आने के बाद वही लोग गुड़ से बनी झिल्ली और परम का स्वाद काफी चाव से लेते हैं। मेला परिसर में बने विभिन्न जातियों के मंदिरों और धर्मशाला में जहाँ एकता का मिशाल दीखता है तो वहीं इन सबों से परे आपसी सद्भाव भी कम नहीं देखने को मिलता है। अगहन पूर्णिमा के दिन सुबह से हीं पहाड़ के चट्टानों के भीतर गुफानुमा बना मां जानकी मंदिर में पूजा के लिए श्रद्धालुओं की लम्बी - लम्बी कतारे देखी जाती है तो वहीं दूसरी ओर लोगों









के मनोरंजन के लिए बड़े - बड़े झूले और सर्कस मेला की शान बढ़ता है। मान्यतानुसार नवादा जिले का सीतामढ़ी मां सीता की निर्वासन स्थली के रूप में जाना जाता है। जहाँ माता सीता वन आगमन के पश्चात महर्षि बाल्मीकि के शरण में पहुंची थी और जीस गुफा नुमा चट्टान के भीतर आज माता सीता का मंदिर बना हुआ है। उसी गुफा नुमा चट्टान में रहकर माता सीता नें अपनी आगे की जिंदगी बिताई थी। लवकुश के जन्म स्थली के रूप में विख्यात मंदिर के ठीक सामने फटा हुआ चट्टान जहां माता सीता के धरती के गर्भ में समाने का साक्षात गवाह है तो वहीं प्रभु श्री राम द्वारा छोड़े गए अश्वमेध के घोड़े को लव कुश द्वारा किला नुमा चट्टान में बाँधने का साक्ष्य भी इसकी प्रमाणिकता को मजबूत बनाता है। इसी वर्ष स्थानीय सांसद विवेक ठाकुर और जिलाधिकारी रवि प्रकाश के पहल पर सूबे के कला एवं संस्कृति विभाग नें इसे राजकीय महोत्सव का दर्जा दिया है। जिससे इसबार मेला का भव्य आयोजन किया गया है।

## जिलाधिकारी पटना हुए सम्मानित



**लोकतंत्र की आवाज**

**संवाददाता विनोद प्रसाद**

**पटना,** भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के जन्म दिवस पर ज्ञान भवन, पटना में आयोजित मेधा दिवस समारोह में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2025 के सफलतापूर्वक संचालन में सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग सुनील कुमार द्वारा जिलाधिकारी, पटना डॉ. त्यागराजन एस.एम. को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## डीएम ने किया राजकीय सीतामढ़ी मेले का उद्घाटन, महोत्सव शुरू

**लोक तंत्र की आवाज**

**नवादा।** नवादा जिले के मेसकौर प्रखंड के सीतामढ़ी राजकीय मेले का उदघाटन गुरुवार को अगहन पूर्णिमा के पावन अवसर पर डीएम रवि प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर किया पहली बार इस रूप में सीतामढ़ी को देखने के लिए जिला के लोग लंबे समय से उत्साह के साथ इंतजार कर रहे थे। आज इंतजार की घड़ी समाप्त हुई। इस बार सीतामढ़ी में एक दिवसीय महोत्सव भी मनाया गया। जहां पटना दूरदर्शन के कलाकार उमाकांत बरुआ सहित कई कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने की अवसर भी मिला। इसके लिए सुरक्षा के भी इंतजाम किए गए है। बीडीओ अश्वनी कुमार ने बताया कि मेला में पेयजल व शौचालय की व्यवस्था की गई है । सीतामढ़ी थाना अध्यक्ष पप्पू शर्मा ने बताया कि मेला में सुरक्षा की दृष्टि से



अतिरिक्त पुलिस बल भी कार्यरत है।आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि सीतामढ़ी मेला धार्मिक आस्था, पारंपरिक संस्कृति और स्थानीय पहचान का प्रतीक है। हर वर्ष हजारों श्रद्धालु और ग्रामीण इस मेले में शामिल होकर माता सीता के चरणों में विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। इस बार मेले में सुरक्षा, साफ-सफाई और सुविधा को लेकर विशेष व्यवस्था की गई है। सीतामढ़ी मेला से राजकीय मेला में परिवर्तित होने में पूर्व एमपी चंदन सिंह, काफी सहयोग रहा। सीतामढ़ी विकाश फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय यादव ने सीतामढ़ी मेला को महोत्सव के रूप में मनाने पर डीएम को बधाई दिए। डीएम रवि प्रकाश ने कहा कि सीतामढ़ी हमारी राष्ट्रव्यापी पौराणिक धरोहर है। इसका संरक्षण जरूरी है ।उन्होंने कहा कि महोत्सव का आयोजन से आम जनों में सीतामढ़ी के पौराणिकता की जानकारी मिलेगी ।जो संस्कृति संरक्षणकी दिशा में एक बड़ी कदम मानी जा रही है ।मौके पर स्थानीय मुखिया राकेश कुमार, मेला ठेकेदार पवन कुमार चौहान, मेला संचालक उपेंद्र राजवंशी, सदस्य प्रेम कुमार , समाजसेवी सतेंद्र सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। पूर्व जिलाधिकारी कौशल कुमार ने पहली बार सीतामढ़ी को राजकीय महोत्सव का दर्जा देने का आग्रह बिहार सरकार से की थी । जिसे पूर्व सांसद चंदन सिंह ,विधान परिषद अशोक यादव ने मुकाम दिलाया।

## मारपीट की घटना में दो लोग जख्मी, पीएचसी में चला इलाज

**लोकतंत्र की आवाज**

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला** थाना क्षेत्र के चौबे पंचायत के छोमुहा गांव में गुरुवार सुबह आपसी जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की गंभीर घटना सामने आई है। जमीन संबंधी तनाव लंबे समय से चल रहा था, जिसके कारण दो पक्षों के बीच कहासुनी बढ़ते-बढ़ते मारपीट में बदल गई। इस घटना में दो लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान छोमुहा गांव निवासी अनुपम कुमारी और उनके पति मंटू साव के रूप में हुई है। घटना के बाद दोनों को परिजनों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला पहुंचाया गया, जहां डॉ. उमेश कुमार की देखरेख में उनका उपचार किया गया। चिकित्सक के अनुसार दोनों को हल्की चोटें आई हैं और स्थिति फिलहाल सामान्य बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार विवाद अचानक बढ़ा और किसी को इसकी



आशंका नहीं थी। इधर, घटना की सूचना अब तक पुलिस को नहीं दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि मामले को आपसी बातचीत से सुलझाने की कोशिश की जा रही है, हालांकि विवाद दोबारा न बढ़े इसके लिए पुलिस हस्तक्षेप जरूरी माना जा रहा है। गुरुवार सुबह हुई इस घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

## नवादा बना मशरूम की खेती का हब, बिहार समेत अन्य राज्यों में हो रहा सप्लाय, कम लागत में मशरूम की खेती कर सालाना लाखों का इनकम





**लोक तंत्र की आवाज**

**सुनील कुमार**

**नवादा :** नवादा जिला मुख्यालय से सात किलोमीटर दूर नवादा-पकरीबरावां पथ पर स्थित माया बीघा गांव के समीप बड़े पैमाने पर मशरूम की खेती की जा रही है। यहां का मशरूम बिहार ही नहीं, बल्कि दूसरे राज्यों में भी पहुंच रहा है। आज के युवा मशरूम की खेती कर अच्छा मुनाफा कमा सकते है। मशरूम की खेती कर रहे अमित कुमार कहते हैं कि वर्ष 1999 से इस कार्य को कर रहे हैं। नवादा को मशरूम का हब बनाना उनका सपना है। काफी हद तक उन्हें सफलता भी मिली है। उनका प्रयास है कि नवादा का मशरूम देश के कोने-कोने तक पहुंचे। आइए उनसे खास बातचीत करते हैं। किसान अमित कहते हैं कि अगर आज के युवा मशरूम की खेती कर आर्थिक रूप से शसक्त बनना चाहते हैं, तो एक बार अवश्य अमित मशरूम सेंटर पर आए। कम लागत में मशरूम की खेती कर आप सालाना लाखों रुपए का इनकम कर सकते हैं।

## क्विज प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

**लोकतंत्र की आवाज**

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** प्रखंड पकरीबरावां में ग्राम पंचायत उत्तरी के प्राथमिक विद्यालय सुदनपुर में मेधा दिवस के अवसर पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में कई बच्चों ने भाग लिया। चतुर्थ वर्ग की छात्रा आलिया नाज को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्रधान शिक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा ने सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इसी वर्ग के शुभम कुमार को द्वितीय, विशाल कुमार तथा मो. मोस्सदिक को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके पूर्व देशरत्न की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। चेतना सत्र में प्रधान शिक्षक ने भारत के प्रथम राष्ट्रपति




डॉ.राजेन्द्र प्रसाद का जीवन परिचय के बारे में बताया। उनके योगदानों की जानकारी बच्चों को दी गई। इस अवसर पर वरीय शिक्षक मो. अख्तर, रेखा कुमारी, अजय कुमार विश्वकर्मा, शिक्षा सेवक नुरैसा खातून आदि उपस्थित थे। इधर, मध्य विद्यालय केशऔरी में भारत के प्रथम राष्ट्रपति की जयंती पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुमन प्रसाद सिंह ने बच्चों को संबोधित किया।

## पकरीबरावा : समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त प्रधानध्यापक को दी गई विदाई

**लोकतंत्र की आवाज**

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखण्ड स्थित ग्राम पंचायत एरुरी पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय रेवार पश्चिमी में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक महेन्द्र प्रसाद सिंह को विदाई दी गई। विदाई सह सम्मान समारोह में शिक्षकों ने सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक के कार्यों की सराहना की। कहा कि उन्होंने पूरी इमानदारी एवं निष्ठा के साथ विद्यालय का संचालन किया। शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस बीच उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक ने अपने संबोधन में शिक्षकों को कई महत्वपूर्ण



जानकारियां एवं संदेश दिया। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया विनय कुमार, बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ नवादा के जिलाध्यक्ष ओंकारनाथ राय, उपाध्यक्ष सत्येन्द्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष अविनाश कुमार, बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष शंभु कुमार, उपाध्यक्ष उमेश प्रसाद यादव, सचिव सूर्यदेव प्रसाद, राहुल कुमार, अनिल कुमार, विद्यालय शिक्षा समिति की अध्यक्षा मनोरमा देवी, प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रहलाद कुमार, संतोष कुमार, शोभा कुमारी, सुनिता कुमारी, धीरज कुमार, नागेंद्र प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बिजनौर मंडावर क्षेत्र की ग्राम शहबाजपुर में रक्फ्का कार्य समय सीमा से पूर्व ही पूरा करने पर बीएलओ सम्मानित



**रिपोर्ट महताब अहमद**
मंडावर भाग संख्या 62 व 63 शहबाजपुर, अबुल खैरपुर बांगर में रक्फ्का कार्य पूर्ण होने पर बूथ लेवल अधिकारी जसवंत कुमार व बूथ लेवल अधिकारी जितेंद्र बुटार जी का पंचायत भवन शहबाजपुर में सम्मान किया गया दोनों बूथ लेवल अधिकारियों की ग्रामवासियों द्वारा बहुत ही सराहना की गई जिसमें पंचायत भवन पर एक बैठक आहूत की गई जिसमें मुख्य अतिथि श्री महेश पाल जी रहे बैठक का आयोजन ग्राम प्रधान शहबाजपुर हेमराज जी एवं ग्राम प्रधान अकबरपुर देवीदास वाला श्री इकबाल जी द्वारा किया गया रक्फ्ककार्य को पूर्ण कराने में श्री कोमल सिंह राजपूत जी, अवनीश कुमार जिला अध्यक्ष पत्रकार टीम बिजनौर, राजवीर ग्राम रोजगार सेवक मनरेगा, विनोद देवी नेताजी बीजेपी, योगेंद्र सिंह राजपूत बीजेपी, पारुल राजपूत एवं समस्त ग्राम वासियों का पूर्ण सहयोग रहा

### सहारनपुर : 6 दिसंबर को लेकर डीआईजी की सख़्त तैयारी, परिक्षेत्र में कानून-व्यवस्था पर विशेष बल

**साजिद सलमानी**



**सहारनपुर।** आगामी 6 दिसंबर को शांति और सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से, डीआईजी सहारनपुर परिक्षेत्र अभिषेक सिंह ने सहारनपुर, शामली और मुज़फ्फरनगर के अधिकारियों के साथ ऑनलाइन समीक्षा की। इस दौरान, डीआईजी ने सभी राजपत्रित अधिकारियों को संवेदनशील स्थानों के चिन्हांकन, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, निरंतर गश्त, और ड्रोन सर्विलांस के माध्यम से कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि संभावित उपद्रवी तत्वों पर समय रहते कार्रवाई की जाए, साथ ही स्थानीय धर्मगुरुओं और संभ्रांत व्यक्तियों के साथ गोष्ठियाँ आयोजित कर शांति समितियों को सक्रिय किया जाए। इसके अतिरिक्त, डीआईजी ने सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक और भड़काऊ सामग्री का तत्काल खंडन करने और अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के सख्त आदेश दिए हैं, ताकि परिक्षेत्र में कानून-व्यवस्था हर हाल में सामान्य बनी रहे।

### कॉलेज परिसर में अज्ञात व्यक्ति द्वारा फाइरिंग, पुलिस ने मामला दर्ज किया

**साजिद सलमानी**
**सहारनपुर।** जेवी जैन कॉलेज में बुधवार को एक अज्ञात युवक ने कैंपस में घुसकर दो राउंड फायरिंग की, जिससे छात्रों और स्टाफ में दहशत फैल गई। आरोपी ने फायरिंग के बाद चौकीदार से कहा, "प्रिंसिपल साहब को बता देना कि मैंने फायरिंग की है।" इसके बाद वह तेजी से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है, जिसमें आरोपी की पहचान की जा रही है। कॉलेज प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाने की मांग की है। पुलिस अधिकारी आरोपी की तलाश में जुटे हुए हैं। जेवी जैन कॉलेज में एक अज्ञात युवक ने दो राउंड फायरिंग की। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने की कोशिश कर रही है। कॉलेज प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाने की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# बिजनौर : एसडीएम ऋतु चौधरी ने धर्म सिंह जी को बेस्ट सुपरवाइजर कहकर सम्मानित किया गया

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट महताब अहमद**
मंडावर के मोहल्ला शाहविलायत के रहने वाले धर्म सिंह प्राथमिक विद्यालय गंजालपुर में मुख्य अध्यापक हैं। उन्हें एसआइआर में बिजनौर विधानसभा के दस बूथों पर सुपरवाइजर बनाया गया था। सभी बूथों पर एक एक बीएलओ तैनात किए गए। शिक्षक धर्म सिंह की टीम को गणना पत्रक चार नवंबर को मिले। उन्होंने सभी बीएलओ के साथ बैठक की। कहा कि काम को बिना तनाव लिए आनंद के साथ करना है। अगले दिन से फार्म बांटने शुरू किए।

बीएलओ के साथ जाकर गणना पत्रक बंटवाए और सभी को उन्हें भरने का तरीका बताया। रोज बीएलओ के साथ नौ बजे बूथों पर जाकर बैठ जाते और वहां आने वाले ग्रामीणों को पत्रक भरने के बारे में बताते रहते। किसी को समझ नहीं आया तो उसका फार्म खुद भरा। छुट्टी के दिन भी जाकर देर तक काम किया। दो तीन दिन में ही लोगों ने पत्रक भरकर जमा करने शुरू कर दिए। जैसे ही फार्म मिलने शुरू हुए तो उन्होंने पोर्टल पर फीड कराना शुरू करा दिया। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मदपुर देवमल डा.प्रभात कुमार ने भी गणना पत्रक आनलाइन कराने के लिए एक सेंटर बनाया। बीएलओ ने कुछ



फार्म मौके पर ही आनलाइन भरे, कुछ सेंटर पर तो कुछ घर जाकर। दो दिसंबर तक उन्होंने सभी बूथों के पत्रक आनलाइन कर दिए। इस तरह बनाई टीम धर्म सिंह ने अपने साथी शिक्षकों का भी एसआइआर में सहयोग लिया। स्कूल की छुट्टी के बाद शिक्षकों को बूथ पर बुलाते और उनसे फार्म भरवाने, वोट ढूंढ़वाने आदि में सहयोग लेते। शिक्षकों ने भी सहयोग करने में कोई आनाकानी नहीं की। काम खत्म हो गया तो अब धर्म सिंह और उनके बाकी बीएलओ को पिछड़े बूथों पर काम पूरा कराने में लगाया गया है। ये बीएलओ रहे साथ धर्म सिंह के साथ मुख्य अध्यापक जाकिर हुसैरन, सहायक अध्यापक धीरेंद्र काकरान, कामेंद्र कुमार, शिक्षामित्र नरेंद्र कुमार, पंकज कुमार, अंजू, विजयपाल सिंह, रीता देवी, पंचायत सहायक हिमांशु, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आरती बीएलओ के रूप में तैनात रहे।

## संघ ने शुरू किया माहभर का व्यापक गृह-संपर्क अभियान



लोक तंत्र की आवाज

**उरई।** जालौन के जिला मुख्यालय उरई मोहल्ला सुशील नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियो मे स्थापना दिवस शताब्दी वर्ष के अवसर पर डोर टू डोर जन संपर्क अभियान चलाकर लोगों को जानकारी दी / बलबीर सिंह सेंगर उरई के मोहल्ला में संघ कार्यकर्ता ने 1 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक जिलेभर में व्यापक गृह-संपर्क (डोर टू डोर) अभियान की शुरुआत की है। वर्ष 1925 में परमपूजनीय डॉ. हेडगेवार द्वारा स्थापित संगठन इस विशेष अवसर पर विजयादशमी उत्सव, घर-घर संपर्क, हिंदू सम्मेलन, प्रबुद्धजन गोष्ठियाँ, युवा उन्मुख कार्यक्रमों तथा अधिकाधिक स्थानों पर शाखाओं के आयोजन जैसी गतिविधियाँ संचालित कर रहा है। जालौन जनपद में इस अभियान के तहत उरई, जालौन, कोंच और कालपी सहित नगर, व कस्बों व सभी बस्तियों मे एक साथ- रामपुरा, माधवगढ़, नदीगांव, डकोर, महेवा, कुठौन्द, कदौरा सहित नौ विकास खंडों में सभी मंडलों के गाँव व कस्बा, शहर में स्वयंसेवकों ने घर-घर जा कर संपर्क किया। भारत माता का चित्र, संघ की गतिविधियों से संबंधित पत्रक व पुस्तिका वितरण कर परिवारो से संवाद स्थापित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों तक संगठन की मूल भावनाओ को पहुँचाना और राष्ट्रवादी चेतना को व्यापक स्तर पर अभिव्यक्त करना है। लोगो को संघ के बारे मे जानकारी देना तथा उनके द्वारा की जा रही गति विधियों को बताना और लोगो को अपने हिंदू धर्म के प्रित जागरूक करना और हिंदुओं को संगठित करना व एक जुट करना उद्देश्य है।

## हुड़दंगियों पर पुलिस का शिकंजा पटाखे छोड़ती बुलेट सीज



लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह**
**किरतपुर।** मोटर साइकिल व बूलट द्वारा पटाखा छोड़ते घूम रहे युवाओं पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरु कर दिया है। शहर की सड़कों पर आवारगी की तरह घूमते फिर रहे अमीर जादों पर पुलिस का चाबुक चलने लगा है, बुधवार की शाम पुलिस ने चैकिंग अभियान चलाया और शहर में पटाखा छोड़ती हुई चल रही बूलट को पकड़ा, बस स्टैंड पर वाहन चैकिंग अभियान के तहत पुलिस ने बूलट को सीज कर दिया। है। थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पा देवी के निर्देशन में चले अभियान में कस्बा इंचार्ज दीपक नागर ने पटाखे फोड़ती सड़क पर चल रही बूलट को पकड़ा और उसे सीज कर दिया। कस्बा इंचार्ज ने चेताया है कि वह आवारगी करने वाले और चाहे कोई कितनी ही पहुंच वाला क्यों ना हो उसे किसी कीमत पर नहीं छोड़ा जायेगा।

## मंडावली क्षेत्र से जुड़े 48 गाँव आधार सेवाओं से वंचित

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट पायल कुमारी**
**नजीबाबाद।** थाना मंडावली क्षेत्र में आध ार कार्ड अपडेट और नामांकन सुविधा का पूरी तरह अभाव अब एक बेहद गंभीर जनसमस्या बन चुका है। थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुल 48 गाँव आते हैं, परंतु इतने विशाल क्षेत्र में एक भी आधार केंद्र की सुविधा न होना हजारों ग्रामीणों के लिए निरंतर परेशानी का कारण बना हुआ है। ग्रामीणों को मजबूरन 15 से 20 किलोमीटर दूर साहनपुर डाकघर में जाकर लाइन लगानी पड़ती है, जहाँ सुबह 6 बजे से ही लगभग 200 लोगों की भीड़ लग जाती है। कई लोग घंटों खड़े रहने के बावजूद नंबर न आने पर खाली हाथ लौट आते हैं। इससे मजदूर वर्ग की पूरी दिन की मजदूरी बर्बाद हो जाती है, और उनके परिवार की रोज की गुजर, बसर




पर सीध 1 प्रभाव पड़ता है।
महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांग व्यक्तियों और विद्यार्थियों को यह समस्या और अधिक कष्टदायक है। आधार जैसी महत्वपूर्ण पहचान सेवा के लिए धक्के खाने पड़ रहे हैं, जबकि सरकारी योजनाएँ, बैंकिंग, राशन, स्कूलख कॉलेज, हॉस्पिटल और बीमा, सभी में आधार अनिवार्य है। मामले की पुष्टि करते हुए थाना अध्यक्ष मंडावली, श्री पुष्पेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि मंडावली क्षेत्र में कुल 48 गाँव जुड़े हुए हैं, और इतनी बड़ी आबादी के लिए आधार केंद्र न होना एक गंभीर प्रशासनिक कमी है। ग्रामीणों ने जिला अधिकारी बिजनौर से तत्काल आधार सेवा केंद्र स्थापित करने की मांग की है, ताकि 48 गाँवों की जनता को राहत मिल सके और उन्हें दूर-दराज के क्षेत्रों में भटकना न पड़े। डीएम बिजनौर ने आश्वासन दिया, एप्लीकेशन भेजते ही समस्या का समाधान कराया जाएगा। इस संबंध में जब जिला अधिकारी बिजनौर से बात की गई तो उन्होंने इस समस्या को गंभीर और पहली बार उनके संज्ञान में आने वाली बताया।
डीएम ने कहा, यह वास्तव में एक बड़ी जनसमस्या है। आप एक आवेदन हमें व्हाट्सऐप कर दें, हम तुरंत इस पर कार्रवाई कराएँगे और मंडावली क्षेत्र में आधार केंद्र स्थापित करवाया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को कोई परेशानी न उठानी पड़े। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि जिला प्रशासन जल्द ही ठोस कदम उठाकर मंडावली क्षेत्र में स्थाई आधार सेवा केंद्र खोलकर हजारों लोगों को राहत देगा।

## उ प्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बविता सिंह चौहान ने रानी लक्ष्मीबाई विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित कर जानकारी दी

लोक तंत्र की आवाज

**उरई ।** मा० अध्यक्ष उ०प्र० राज्य महिला आयोग श्रीमती डॉ० बबिता सिंह चौहान ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर महिलाओं से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि महिलाओं से जुड़ी शिकायत को लंबित न रखा जाए, साथ ही शासन द्वारा जो भी योजनाएं महिलाओं से संबंधित हैं, उनका लाभ दिया जाए। उन्होंने पुलिस, समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, स्वास्थ्य विभाग, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय, बेसिक शिक्षा, दिव्यांग विभाग और कौशल विकास से जुड़ी योजनाओं के बारे में समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश




दिए की महिलाओं से जुड़ी जो भी शिकायत उनके पास आती है, उनका शत प्रतिशत निस्तारण किया जाए। समीक्षा के बैठक के उपरांत मा० अध्यक्ष उ०प्र० राज्य महिला आयोग ने जनसुनवाई की, जनसुनवाई के दौरान कुल 30 महिलाओं ने शिकायती प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्या सुनाई जिसमे घरेलू कलह, दहेज प्रथा, भरण पोषण, पति द्वारा प्रताड़ित किया जाना आदि शिकायते रही। मा० महिला आयोग अध्यक्ष ने शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश है कि महिलाओं से जुड़ी कोई भी शिकायत हो उसकी गंभीरता से लिया जाए किसी भी महिला फरियादी को परेशान न होना पड़े। उन्होंने निर्देशित किया कि एक भी शिकायत की पुनरावृत्ति नही होना चाहिए। इस अवसर पर मा० सदस्य उ०प्र० राज्य महिला आयोग श्रीमती अर्चना पटेल, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० डी०के० भिटौरिया, क्षेत्राधिकारी उरई अर्चना सिंह, समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह, कार्यक्रम अधिकारी शरद अवस्थी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## लखनऊ : खिल जाएंगे चेहरे! यूपी के स्कूलों में बच्चों को मिलेगी मूंगफली की चिक्की और बाजरे का लड्डू

लोक तंत्र की अवाज

**रत्ना**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में पीएम पोषण योजना के तहत, बच्चों को दिसंबर 2025 से मार्च 2026 तक हर गुरुवार को अतिरिक्त पौष्टिक आहार दिया जाएगा। इसमें मूंगफली की चिक्की, गजक, या बाजरे का लड्डू जैसे विकल्प शामिल हैं। यह व्यवस्था फ्लैक्सी फंड की उपलब्धता पर निर्भर करेगी और इसका उद्देश्य बच्चों को बेहतर पोषण प्रदान करना है।मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण ने बताया कि फ्लैक्सी फंड की उपलब्धता के आधार पर यह व्यवस्था दिसंबर 2025 से मार्च 2026 तक लागू रहेगी। इसके तहत हर गुरुवार को विद्यार्थियों को पांच रुपये प्रति छात्र प्रति दिवस की दर से सप्लीमेंट्री न्यूट्रीशन



उपलब्ध कराया जाएगा। गुरुवार को अवकाश होने पर वितरण अगले कार्यदिवस में होगा। जिलाधिकारी अपने जिलों में सामग्री की उपलब्धता के अनुरूप उपयुक्त विकल्प या दिनवार निर्धारण करेंगे।इसकी निगरानी के लिए विद्यालयों से ब्लाक स्तर पर रिपोर्ट भेजने की व्यवस्था की गई है। जिला और विकासखंड स्तर की टास्क फोर्स निरीक्षण करेगी, वहीं प्रदेश स्तर पर सोशल आडिट के माध्यम से मूल्यांकन कराया जाएगा। मां समूह और एसएमसी भी खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर नजर रखेंगे। अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा के अनुमोदन के बाद सभी जिलाधिकारियों को इस योजना का कड़ाई से पालन करने के लिए कहा गया है।

## उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद छोटे शहरों में भी ला रहा आवासीय योजनाएं, लोगों के पास सुनहरा मौका

लोक तंत्र की अवाज

**रत्ना**
**लखनऊ।** आवास एवं विकास परिषद ने दो वर्ष में ही 16 योजनाओं को 13045 एकड़ में धरातल पर उतारने की पहल की है, ताकि हर जरूरतमंद को आवास मिल सके। अब चित्रकूट आदि छोटे जिलों में आवासीय योजना लाने का एलान करने की उम्मीद है। लखनऊ की सौमित्र विहार योजना 25 दिसंबर को सुशासन दिवस पर लॉन्च हो सकती है।उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद ने दो वर्ष में ही 16 योजनाओं को 13045 एकड़ में धरातल पर उतारने की पहल की है, ताकि हर जरूरतमंद को आवास मिल सके। अब चित्रकूट आदि छोटे जिलों में आवासीय योजना लाने का एलान करने की उम्मीद है। लखनऊ की सौमित्र विहार योजना 25 दिसंबर को सुशासन दिवस पर लॉन्च हो सकती है।आवास विकास परिषद लखनऊ के साथ ही प्रदेशभर में नियमित अंतराल पर आवासीय योजनाएं ला रहा। प्रदेश के पूरब, पश्चिम, उत्तर व दक्षिण खासकर छोटे जिलों में योजनाएं लाई जा रही हैं, परिषद की पिछली बोर्ड बैठकों में लगातार आवासीय योजनाओं का एलान हो चुका है, 16 योजनाओं में से अधिकांश में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है, योजना को पूरी तरह से आकार लेने में



करीब पांच साल लगेंगे। उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद प्रदेश के छोटे जिलों में आवासीय योजना ला चुका है। इसी माह परिषद निदेशक मंडल की बैठक होगी, इसमें झांसी, वाराणसी, लखनऊ, बरेली आदि जगहों पर आवासीय योजना लाने की घोषणा हो सकती है। परिषद ने 16 नई योजनाओं की रूपरेखा तैयार की थी। उनमें करीब नौ योजनाएं घोषित हो चुकी हैं।इनमें लखनऊ की नई जेल रोड सौमित्र विहार योजना की चार वर्ष से प्रक्रिया चल रही है, लैंड पूलिंग की पायलट योजना के लिए जमीन देने वाले किसानों की लाटरी हो चुकी है, अब उनको आवंटित भूखंड की रजिस्ट्री कराई जा रही। यह पूरा होते ही पंजीकरण खोला जाएगा।परिषद की निदेशक मंडल की बैठक दस दिसंबर को प्रस्तावित है, इसमें चित्रकूट सहित अन्य जिलों की योजनाओं पर मुहर लग सकती है। लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक प्रस्ताव तैयार हो रहे हैं, इसमें उन अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्यवाही करने का निर्णय भी हो सकता है, जिन पर गंभीर आरोप लगने पर जांच पूरी हो गई है।

## उरई : जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रधान संग बैठक कर की जानकारी

लोक तंत्र की आवाज

**उरई।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज ग्राम शेखपुर बुजुर्ग में ग्राम प्रधान, ग्रामवासियों तथा जनपद के सभी ग्राम प्रधानों के साथ वर्चअल बैठक कर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एस.आई.आर.झ2026) के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर वितरित किए गए गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) को मतदाता शीघ्रता से भरकर बीएलओ को वापस करें। यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर पात्र मतदाता



का नाम मतदाता सूची में शामिल हो और कोई भी अपात्र, मृत, डुप्लीकेट अथवा स्थानांतरित मतदाता सूची में न रहे। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि मतदाता सूची में नाम, आयु, संबंध और फोटो से संबंधित त्रुटियों का शत-प्रतिशत निराकरण कराया जाएगा, ताकि आगामी निर्वाचन प्रक्रिया अधिक सटीक व पारदर्शी हो। बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधानों ने आश्वस्त किया कि वे बीएलओ के साथ पूर्ण सहयोग करेंगे तथा अपने-अपने ग्राम के प्रत्येक पात्र नागरिक को गणना प्रपत्र भरने हेतु प्रेरित करेंगे, जिससे मतदाता सूची पूर्णतः शुद्ध एवं अद्यतन बन सके। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सहित जनपद के समस्त ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### समाज सेवी महिला का निधन

लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय



पीरपैंती। सुंदर पुर निवासी स्व सुधीर साह की पत्नी शकुंतला देवी का 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। ज्ञात हो कि शकुंतला देवी कुछ दिनों से बीमार चल रही थी।तीन बेटे बेटियों से भरा पूरा परिवार अपने पीछे छोड़ गई। उनके निधन की खबर सुन कर नव निर्वाचित विधायक मुरारी पासवान, जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रणव यादव, प्रखंड प्रमुख रश्मि कुमारी, भाजपा के हरे राम शर्मा, राजद के रंजीत साह, रंजीत पासवान, अरविंद साह, वार्ड पार्षद अजीत कुमार, ने गहरा शोक व्यक्त किया है।वही दूसरी ओर प्रखंड के रेफरल अस्पताल के सेवानिवृत्त नर्स ओलापुर निवासी इंदु रानी मिश्रा का बुधवार को निधन हो गया। उनके निधन पर डा. रविश मिश्रा, महाकांत झा, कौशल मिश्र, चंद्रशेखर झा, अभय ठाकुर, कुंदन साह, शिवम कुमार आदि ने शोक व्यक्त किया। वहीं, शादीपुर के राजद के पूर्व जिलाध्यक्ष सह महाराज उवि सादीपुर के संस्थापक रमेश नारायण सिन्हा (76 वर्ष) का हृदय गति रुकने से भागलपुर स्थित निवास पर निधन हो गया। उनके निधन पर सरपंच संघ अध्यक्ष वरुण गोस्वामी, जदयू अध्यक्ष विवेका गुप्ता, गोपाल, फणीकांत आदि ने शोक जताया।

### 11 हजार के हाईटेंशन तार के संपर्क में आने से दो मजदूर घायल

लोकतंत्र की आवाज

उधवा/साहिबगंज। राधानगर थाना क्षेत्र के मध्य पियारपुर पंचायत के इमाज टोला में बिजली तार की चपेट में आने से दो मजदूर घायल हो गए। मिली जानकारी अनुसार मध्य पियारपुर पंचायत के इमाज टोला गांव में बुधवार की सुबह मनारूल शेख के निमार्णाधीन मकान में दो मजदूर काम कर रहे थे। उसके ठीक ऊपर से 11 हजार वोल्ट का हाईटेंशन तार गुजर रहा था। इसी दौरान वहां काम कर रहे दो मजदूर हाईटेंशन तार के संपर्क में आकर राकिब शेख (40) और मोफाजुल शेख (55) गंभीर रूप से झुलस गए। राकिब शेख मुर्शिदाबाद का निवासी है जबकि मोफाजुल शेख बेगमगंज पंचायत निवासी है। उधर घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि मासीउर रहमान उर्फ भोदू मौके पर पहुंचकर बिजली विभाग के जेई से संपर्क करने की कोशिश की पर उनका संपर्क नहीं हो सका। इधर स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को इलाज के लिए पश्चिम बंगाल के निजी अस्पताल ले जाया गया।

### जगदीशपुर, शाहपुर व बिहिया में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान





लोकतंत्र की आवाज
जगदीशपुर/भोजपुर। जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार गुरुवार को जगदीशपुर, शाहपुर व बिहिया नगर पंचायत क्षेत्रों में व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई एसडीएम संजीत कुमार व एसडीपीओ राजेश कुमार शर्मा संयुक्त रूप से नेतृत्व किया। अभियान के तहत मुख्य बाज़ारों, सड़कों तथा सार्वजनिक स्थलों पर फैले अतिक्रमण को हटाते हुए आवागमन को सुगम और क्षेत्र को स्वच्छ व अवरोधमुक्त बनाया गया। एसडीओ संजीत कुमार ने स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक रास्तों पर कब्ज़ा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि जो लोग बार–बार अतिक्रमण करते पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध सख़्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही स्थानीय लोगों से अभियान में सहयोग करने की अपील की गई, ताकि नगर क्षेत्र में साफ–सुथरा और व्यवस्थित माहौल सुनिश्चित हो सके। अभियान में नगर कार्यपालक पदाधिकारी, सीओ विश्वजीत निलाकार , रचना कुमारी सहित पुलिस पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# फुटपाथ उजाड़ने से कौन सा विकास होगा: किशोर कुणाल

## बुलडोजर कार्रवाई पर सबसे अधिक गरीब ही क्यों निशाने पर: किशोर कुणाल



**लोकतंत्र की आवाज**

**जगदीशपुर/भोजपुर।** गुरुवार को वीरचंद पटेल पथ स्थित राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश कार्यालय के बोर्ड रूम में पटना प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले बिहार विधानसभा 2025 के प्रत्याशियों एवं वरिष्ठ नेताओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री मंगनी लाल मंडल ने की। बैठक में चुनावी तैयारी, बूथ स्तर के प्रबंधन, संगठनात्मक मजबूती और आने वाले मतदान को लेकर रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी प्रत्याशियों को जनता के बीच अधिक सक्रिय रहने और जमीनी मुद्दों पर प्रभावी ढंग से काम करने के निर्देश दिए। इस महत्वपूर्ण बैठक में जगदीशपुर विधानसभा से गठबंधन समर्थित उम्मीदवार किशोर कुणाल भी शामिल हुए।

किशोर कुणाल ने कहा कि नीतीश कुमार सरकार ने जितनी भी योजनाएँ घोषित की हैं, उनका असली हक़दार गरीब और जरूरतमंद जनता है। योजनाएँ सिर्फ़ कागज़ पर नहीं, ज़मीन पर, मिलनी चाहिए, ताकि हर गरीब परिवार तक उसका लाभ पहुँच सके। आज स्थिति यह है कि बुलडोजर गरीबों की रोज़ी-रोटी छीनने के हथियार के रूप में इस्तेमाल हो रहा है। फुटपाथ पर अपनी मजबूरी में दुकान लगाने वाले लोगों को उजाड़ा जा रहा है, जबकि बड़े-बड़े जमीन माफिया पर कोई कार्रवाई नहीं होती।

गरीबों के फुटपाथ उजाड़ने से विकास नहीं होता। विकास तब होगा जब सरकार उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था करे और उन्हें सम्मानपूर्वक जीने का मौका दे। सरकार की नीतियाँ तभी सफल मानी जाएँगी, जब अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचे। सिर्फ़ घोषणा से गरीबों का जीवन नहीं बदलता, जमीन पर कार्रवाई और पारदर्शिता जरूरी है।

बैठक के बाद सभी प्रत्याशियों को शाल, पार्टी का प्रतीक चिन्ह पट्टा ओढ़ाकर एवं टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का उद्देश्य प्रत्याशियों का मनोबल बढ़ाना और चुनावी अभियान को गति देना था। बैठक में वरिष्ठ नेताओं, संगठन पदाधिकारियों और विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। राजद नेतृत्व में विश्वास जताया कि साझा संघर्ष और मजबूत एकता के बल पर आगामी विधानसभा चुनाव में गठबंधन बेहतरीन प्रदर्शन करेगा।

## डॉ. एल के वी डी कॉलेज ताजपुर में AKRSPI एवं एक्सिस बैंक फाउंडेशन द्वारा मेगा जॉब फेयर, 123 युवा चयनित



**लोकतंत्र की आवाज**

**समस्तीपुर/ताजपुर।** आगा खान ग्राम समर्थन कार्यक्रम भारत एवं एक्सिस बैंक फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार डॉ. एल.के.वी.डी. कॉलेज, ताजपुर समस्तीपुर में एक दिवसीय मेगा जॉब फेयर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी देखने को मिली। जॉब फेयर में कुल 450 युवाओं ने स्पॉट रजिस्ट्रेशन कराया। ऑनलाइन और ऑफलाइन सभी प्रक्रियाओं के बाद आयोजित प्रथम चरण की लिखित परीक्षा में 230 अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की।

इसके पश्चात चयनित अभ्यर्थियों का द्वितीय चरण फेस-टू-फेस इंटरव्यू आयोजित किया गया। जिसमें टाटा मोटर्स, साणंद (गुजरात): 65, मदरसन गुजरात: 31, सुजुकी मोटर्स, गुजरात: 4 सोनल इंडस्ट्रीज, मुजफ्फरपुर: 23, इस प्रकार कुल 123 युवाओं का चयन विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को कॉलेज के प्राचार्य डॉ. धर्मराज राम तथा प्लेसमेंट सेल के डॉ. मनोज़ कुमार सिंह ने इंटेंट लेटर प्रदान किए। चयनित युवाओं को निःशुल्क प्री-जॉइनिंग ट्रेनिंग उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही, युवाओं को नौकरी ज्वाइन करने की प्रक्रिया में आंशिक वित्तीय सहायता भी दी जाएगी, ताकि सभी चयनित उम्मीदवार बिना किसी बाधा के अपना रोजगार प्रारंभ कर सकें। संस्था के कौशल प्रबंधक रजनी रंजन ने कहा भविष्य में भी कॉलेज के साथ सहयोग जारी रखेगा। हमारा लक्ष्य प्लेसमेंट सेल को और सशक्त बनाना है, ताकि संस्थान आने वाले समय में स्वयं इस प्रकार के प्लेसमेंट ड्राइव को आत्मनिर्भर रूप से संचालित कर सके।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्लेसमेंट ऑफिसर कोमल रानी, केंद्र प्रबंधक कुमार प्रिंस गौरव, अभिषेक कुमार, सत्यदेव, तथा प्रशिक्षक मो. आफताब, सुजीत कुमार, सोनल प्रिया, अनीश आलम, कार्तिक, सरफराज, कल्याण सिंह , शिखा ,उजाला कुमारी एवं शानू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सुपर ओवर में राजपूताना राइफल्स ने जीता मैच



**लोकतंत्र की आवाज**
**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** पीरपैंती प्रखंड के लक्ष्मीनारायण इंटरस्तरीय उच्च विद्यालय मलिकपुर के मैदान में चल रहे पीरपैंती प्रीमियर लीग मैच के पांचवे दिन गुरुवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच राजपुताना राइफल्स वर्सेज अमित एकादश के बीच खेला गया। जिसमे राजपुताना राइफल्स ने सुपर ओवर में मैच जीता। इस मैच में अरबाज को मैंन ऑफ मैच से नवाजा गया। दूसरे मैच मे जिन्नत वर्सेज विश्वकर्मा एकादश के बीच खेला गया। जिन्नत की टीम 4 विकेट से विजेता बनी । मैच के निर्णायक सफी, मौसम राजाऔर काली चरण थे। कॉमेंटेटर अनिल रॉय, राजिक और रूपक थे । हजारों की संख्या में दर्शक मैच का आनंद ले रहे थे।

## जरूरतमंदों और दिव्यांगजनों के बीच कंबल का वितरण

**लोकतंत्र की आवाज**



**साहिबगंज।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रांची के दिशानिर्देशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), साहिबगंज के अध्यक्ष-सह-प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार ने आज व्यवहार न्यायालय, साहिबगंज के परिसर में जरूरतमंदों और दिव्यांगजनों के बीच ठंड से बचाव के लिए कंबलों का वितरण किया।

इस अवसर पर, डालसा अध्यक्ष अखिल कुमार ने कहा कि यह कंबल वितरण अभियान केवल आज तक ही सीमित नहीं है बल्कि उन्होंने प्राधिकार के सचिव, विश्वनाथ भगत को निर्देश दिया है कि जिला प्रशासन और नगर परिषद के सहयोग से यह अभियान आगे भी जारी रखा जाए।

इसके अतिरिक्त, प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत ने पैरा लीगल वालंटियर्स – न्याय मित्र की एक टीम का गठन किया है। यह टीम शहर के विभिन्न हिस्सों में जाएगी और अत्यंत जरूरतमंद, लाचार, वृद्ध, विधवा और बेसहारा बच्चों, विभिन्न आश्रय गृहों और रैन बसेरों में रहने वालों को चिन्हित करेगी। टीम उन्हें ठंड से बचाव के लिए गर्म कंबल उपलब्ध कराएगी और यह सुनिश्चित करेगी कि वे सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ भी उठा सकें। इस दौरान अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, न्यायालय के अन्य गणमान्य व्यक्ति और कर्मचारी उपस्थित थे।

## गंगा नदी के प्रदूषण स्तर के मूल्यांकन के लिए साहिबगंज में पहुंची अतुल्य गंगा टीम, चार घाटों से जल नमूना किया संग्रह

**लोकतंत्र की आवाज**



■ टीम ने पानी की गुणवत्ता के 17 पैरामीटर पर जांच की, जिसमें साहिबगंज में डीओ 6.78, पीएच 8.10, ईसी 502 व टीडीएस 251 दर्ज किया गया

**साहिबगंज।** गंगा नदी के प्रदूषण स्तर का वैज्ञानिक मूल्यांकन करने के उद्देश्य से अतुल्य गंगा अभियान की दो सदस्यीय टीम साहिबगंज पहुंची। झारखंड प्रभारी सह भूवैज्ञानिक डॉ. रणजीत कुमार सिंह के निर्देशन में टीम ने साहिबगंज, मसकलैया, मोकिमपुर और राजमहल समेत चार स्थानों से गंगा जल के सैम्पल एकत्र किए। इससे पूर्व टीम पटना, मुंगेर, भागलपुर और कहलगांव में भी जल नमूना संग्रह कर चुकी है। टीम में दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के पीएचडी शोधार्थी अविनाश कुमार और आनंद सेबेस्टियन शामिल हैं, जो राजमहल होते हुए अब बंगाल की ओर बढ़ गई है।

डॉ. रणजीत के अनुसार टीम ने पानी की गुणवत्ता के 17 पैरामीटर पर जांच की, जिसमें साहिबगंज में डीओ 6.78, पीएच 8.10, ईसी 502 व टीडीएस 251 दर्ज किया गया। मोकिमपुर, शोभापुर घाट और राजमहल में भी डीओ, पीएच और टीडीएस के मानों में अंतर पाया गया। उन्होंने बताया कि सबका साथ, हो गंगा साफ के संकल्प के साथ जल नमूना संग्रहण लगातार जारी है। अभियान मेजर जनरल वी.के. भुट्ट और प्रो. कर्नल के.सी. तिवारी के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। अंतिम चरण में टीम गंगासागर पहुंचकर संपूर्ण जल गुणवत्ता परीक्षण को पूरा करेगी।

इस वैज्ञानिक पहल का लक्ष्य गंगा-यमुना की वर्तमान जल गुणवत्ता का विस्तृत आकलन तथा उपग्रह-आधारित जल निगरानी प्रणाली विकसित करना है, जिससे भविष्य में नदी संरक्षण और जल प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

## शिक्षक ने बेटे के जन्मदिन पर निः शुल्क टाई - बेल्ट वितरित





**लोकतंत्र की आवाज**

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती/ कहलगांव।** प्राथमिक विद्यालय मानिकपुर नगर निगम भागलपुर में प्रतिनियोजित शिक्षक अमरनाथ झा ने अपने पुत्र अमृत राज के 22वें जन्मदिन के अवसर पर अपने विद्यालय के नामांकित सभी 74 बच्चों के बीच निः शुल्क टाई और बेल्ट का वितरण किया । पुत्र अमृत राज ने बैंगलोर स्थित अपने कार्यालय से ऑनलाइन होकर सभी बच्चों को नियमित विद्यालय आने व मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया । सभी बच्चों द्वारा भी टाई- बेल्ट के लिए धन्यवाद दिया गया और नन्हें बच्चों द्वारा हैप्पी बर्थडे भैया सुनकर शिक्षक पुत्र खुशी से गदगद हो गए। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षक पुत्र होने के कारण उन्हें बचपन से सरकारी विद्यालयों के बच्चों से विशेष प्रेम है । उन्होंने कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य हैं । बच्चों के साथ-साथ विद्यालय में उपस्थित सभी शिक्षक और अभिभावकों द्वारा भी इस कार्य को सराहा गया । मौके पर विद्यालय के प्रधान शिक्षिका श्रीमती रिद्धिमा सहाय, सम्मानित अभिभावक प्रतीक कुमार सिन्हा, विनोद कुमार के साथ विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे ।

## पीरपैंती : आयुष्मान आरोग्य मंदिर गौरीपुर का आन लाइन वीडियो कॉन्फ्रेंस

**लोकतन्त्र की आवाज**



**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** NQAS कार्यक्रम अंतर्गत नेशनल असेसर श्री इमदादुल इस्लाम एवं डॉक्टर प्रशांत कुमार के द्वारा आयुषमान आरोग्य मंदिर गौरीपुर का ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा असेसमेंट प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक प्रणव कुमार के नेतृत्व में प्रातः 9 बजे से संध्या 4 बजे तक किया गया। जिसमे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा NQAS चेक लिस्ट के अनुआर सभी डॉक्यूमेंट एक-एक कर देखा गया ।

सभी संबंधित सभी रजिस्टर का अवलोकन किया गया । सभी NQAS मानक के अनुरूप संतोषप्रद पाया गया। मौके पर मौजूद जिला स्तर से श्री सन्नी सेठ, डीपीसी मौजूद थे साथ मे सभी CHO जॉनी कुमारी, अमित कुमार, अशोक पूरी, भीम सिंह, बलराम जाट, धर्मेंद्र कुमार, मनोज कुमार मनोहर कुमार, सुशील कुमार, अनिल कुमार, प्रशांत कुमार, प्रीति भारती, खुशबू कुमारी, पिंकी कुमारी, रुचि कुमारी, ब्यूटी कुमारी, योग प्रशिक्षक अभदेश कुमार ,मोबिन अहमद, त्रिपुरारी कुमार, रेखा कुमारी, प्रतिभा कुमारी, पूनम कुमारी, रूपम कुमारी, संगीता कुमारी, पूनम कुमारी, रूपम कुमारी, संगीता कुमारी, अनंती मुर्मू , एलबिना किसकी, आशा कुमारी, मेरी टुडू, पुनीता सोरेन, माधुरी कुमारी, अन्नू कुमारी इत्यादि मौजूद थे।

## समस्तीपुर के हुसैनीपुर गांव में गरीब कन्याओं के आदर्श सामूहिक विवाह समारोह को लेकर बैठक, रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

**लोकतंत्र की आवाज**



**समस्तीपुर।** आगामी 15 फरवरी 2026 महाशिवरात्रि के दिन 51 जोड़ी गरीब कन्याओं का आदर्श सामूहिक विवाह कराया जाएगा। आज पहला दिन प्रखंड क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्र के पांच बधु एवं वर पक्ष के लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया। मोरवा प्रखंड क्षेत्र के मरीचा पंचायत के हुसैनीपुर गांव में गुरुवार को कुशवाहा एकता संघ के तत्वाधान एवं समाजसेवी ओमप्रकाश कुशवाहा उर्फ हरिओम की अध्यक्षता में गरीब कन्याओं के आदर्श सामूहिक विवाह समारोह को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें आज गुरुवार अगहन पूर्णिमा के दिन से गरीब कन्याओं का आदर्श सामूहिक विवाह समारोह का पंजीयन यानी रजिस्ट्रेशन की शुरूआत किया गया। जिसमें आज पहला दिन प्रखंड क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्र के पांच बधु एवं वर पक्ष के लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया।

आदर्श सामूहिक विवाह समारोह के बारे में विस्तार रूप से जानकारी देते हुए ओमप्रकाश कुशवाहा ने बताया कि वर एवं वधू पक्ष के लोगों का रजिस्ट्रेशन की शुरुआत आज से किया गया है जिसमें वर एवं वधू पक्ष खुद रिश्ता तय कर लेंगे उसके बाद आदर्श सामूहिक विवाह समारोह का रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरकर वह अपने पंचायत के प्रतिनिधि से हस्ताक्षर कराकर जमा करेंगे। उसके बाद उनका कोई खर्चा नहीं करना है। शादी की पूरी जिम्मेवारी आदर्श सामूहिक विवाह समारोह के लोगों के द्वारा किया जायेगा। यह व्यवस्था गरीब कन्याओं के लिए पूर्णता निशुल्क रहेगा। केवल पर एवं वधू पक्ष के लोगों को यहां रजिस्ट्रेशन करवाना है उसके बाद सारी जिम्मेवारी कुशवाहा एकता संघ के द्वारा आदर्श सामूहिक विवाह के लोगों की होगी।

आगे उन्होंने बताया कि आगामी 15 फरवरी 2026 महाशिवरात्रि के दिन 51 जोड़ी गरीब कन्याओं का आदर्श सामूहिक विवाह कराया जाएगा। इस बार 51 जोड़ी की विवाह का लक्ष्य रखा गया है। इस बार फिर आदर्श सामूहिक विवाह समारोह के दिन जाने माने कई दिग्गज कलाकार के द्वारा प्रस्तुति होने की बात बताई गई है। पिछले बार छत्तीस गरीब कन्याओं का आदर्श सामूहिक विवाह कराया गया था। जिसमें सभी जोड़े को हिंदू सनातन रीति रिवाज के साथ सभी व्यवस्था कुशवाहा एकता संघ आदर्श सामूहिक विवाह समारोह के द्वारा किया गया था।

मौके पर समाजसेवी ओमप्रकाश कुशवाहा उर्फ हरिओम, संघ के सचिव डॉ बलराम सिंह, कोषाध्यक्ष लाखन सिंह कुशवाहा, डॉ मनोहर प्रसाद डॉ राजेश कुमार सिंह, लाल बाबू सिंह कुशवाहा, अवधेश सिंह, संतोष कुमार सुमन, सतीश कुमार, युगल किशोर सिंह, अमरजीत शाह, अनिल कुमार, सुजीत कुमार, सुमन कुमारी सहित दर्जनों संघ के लोग एवं

## संक्षिप्त खबरें ।

### शिक्षक ने पीटकर छात्रा का अंगुठा तोड़ा, सदर अस्पताल रेफर, बेलवाराय पंचायत का मामला



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

**पूर्वी चंपारण।** तुरकौलिया, बेलवाराय पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय के शिक्षक की पिटाई से 8वीं वर्ग की छात्रा जख्मी हो गई है। जख्मी छात्रा को सीएचसी के चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी रेफर कर दिया है। पीड़ित छात्रा वेलवाराय पंचायत के पंचायत समिति सदस्य ईद मोहम्मद की पुत्री है साजदा प्रवीण। इसे लेकर पंसस ने बीडीओ संतोष राज और थानाध्यक्ष उमाशंकर मांझी को आवेदन देकर उक्त विद्यालय के शिक्षक उमेश सिंह को आरोपित किया है। आवेदन में बताया गया है कि उसकी पुत्री उक्त स्कूल में 8वीं क्लास में पढ़ती है। शिक्षक उसकी पुत्री को जानबूझकर पिटाई करते हुए बाएं हाथ की अंगूठा तोड़ दिए हैं। बीडीओ संतोष राज ने आवेदन के आलोक में पंचायत सचिव गौरव प्रधान को मामले की जांचकर रिपोर्ट देने को कहा है। जहां आरोपित शिक्षक समेत अन्य शिक्षकों और पीड़ित छात्रा से पंचायत सचिव ने पुछताछ किया है। साथ ही वर्ग के दुसरे छात्राओं से भी बातचीत की है। वीडियो भी बनाया गया है। पंचायत सचिव ने बताया कि होमवर्क पूरा नही करने पर शिक्षक ने छड़ी से साजदा प्रवीण सहित कुछ अन्य बच्चों के हाथ पर पिटाई किया है। वही आरोपी शिक्षक ने बताया है कि उसने बच्चों से सवाल पूछा तो जवाब नही दे पाए।

### केसरिया के कुशहर में अनाज लदा ट्रक पलटा, एक महिला की दबकर हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

**मोतिहारी।** गुरुवार की सुबह केसरिया- खजुरिया रोड एसएच-74 पर कुशहर मठ के समीप अनाज से लदा ट्रक अचानक पलट गया। जिसमें दबने से एक महिला की मौत हो गई। बताया जाता है कि एक बाइक सवार को बचाने के दौरान ट्रक अनियंत्रित होकर रोड किनारे पलट गया। वहीं हादसे में कुशहर निवासी बजरंगी राय की पत्नी की ट्रक के नीचे दबकर मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में चिख पुकार मच गई।पूरा गांव गमगीन हो गया। घटना के बाद दृश्य देख अन्य महिलाओं के आंखों से आंसू छलक पड़े। बताया जाता है कि वह घर के पास गोबर पाथ रही थीं। वहीं इस हादसे में चालक व उपचालक सुरक्षित हैं। घटना के बाद सड़क पर कुछ देर तक जाम लग गया। जिसे हटाने में केसरिया पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट हेतु मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं घटना के बाद मृतक महिला के पति समेत अन्य लोगों ने सरकार से उचित मुआवजे की मांग की है।

### गौनाहा बाइक दुर्घटना में युवक की हुई मौत से परिजन और ग्रामीणों में शोक की लहर



**संवाददाता मेराज आलम**

गौनाहा प्रखण्ड अंतगर्त सहोदरा थाना क्षेत्र के पड़रौन दोन कैनाल के समीप बुधवार पीपरा से इनरवा रोड में संध्या के समय एक बाइक सवार की दर्दनाक सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार युवक की मृत्यु घटना स्थल पर ही हो चुकी थी । सूत्रों के अनुसार अति तेज गति में युवक बाइक चला रहा था, तभी बाइक कंट्रोल से होकर रोड के किनारे किसी पेड़ से जबरजस्त टक्कर मारी। यह टक्कर बहुत ही ज्यादा भीषण थी। उसी समय बाइक चालक युवक की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी। वही व बाइक चालक मृतक की पहचान गौनाहा थाना क्षेत्र के पकड़ी बिसौली के निवासी मुरली शर्मा के 32 वर्षीय पुत्र शशिभूषण शर्मा के रूप में हुई है। वही घटना की सूचना मिलते ही सहोदरा थानाध्यक्ष ऋतुराज जयसवाल ने बिना बिलंब किये पुलिस बल को भेजकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया जीएमसीएच भेज दिया। वही इस दर्दनाक घटना की सूचना पर परिजन , गांव और क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# बाल विवाह मुक्त भारत के लिए सरकार के '100 दिवसीय अभियान' में कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगा प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण






**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

भारत को 2030 तक बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार के दृढ़ निश्चय और बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के एक साल पूरे होने के मौके पर प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर ने पूर्वी चम्पारण से बाल विवाह के खात्मे के लिए शुरू हुए '100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान' की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी सरकारी विभागों व एजेंसियों के साथ करीबी समन्वय से काम करने का संकल्प दोहराया। प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर जिले में अर्से से बाल विवाह के खात्मे के लिए जमीन पर काम कर रहा है। केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के एक साल पूरा होने के अवसर पर नई दिल्ली में इस '100 दिवसीय गहन जागरूकता' अभियान की शुरुआत की। इस अभियान का उद्देश्य उस पूरे परिवेश को ध्वस्त करना है जो बाल विवाह के फलने-फूलने में मदद करते हैं। इन प्रयासों में मिली सफलता को रेखांकित करते हुए हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि स्पष्ट नीतियों,लगातार की जा रही कार्रवाईयों और गांव-गांव तक पहुंच रहे प्रयासों के बदौलत भारत बाल विवाह को पूरी तरह खत्म करने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। केंद्र ने अधिसूचना जारी कर सभी राज्य सरकारों से कहा है कि वे इस '100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान' को सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करें ताकि बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में जनसमुदाय में चौतरफा और स्पष्ट बदलाव देखने को मिले। अधिसूचना के बाद राज्य सरकार ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, पंचायती राज मंत्रालय,ग्रामीण विकास मंत्रालय,स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और उच्च शिक्षा विभाग को इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करने के निर्देश दिए हैं ताकि लक्षित उद्देश्यों को हासिल किया जा सके। जिले में बाल विवाह रोकने के लिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन के लगातार सहयोग और विभिन्न कदमों की सराहना करते हुए प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर के जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी ने कहा, ''जिला प्रशासन बाल विवाह के खात्मे की दिशा में बढ़-चढ़ कर प्रयास कर रहा है। हमारी सफलताएं उनके साथ करीबी समन्वय से काम करने का नतीजा हैं। आज पूरा देश एकजुट है और देश का शीर्ष नेतृत्व बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे में हम निश्चित रूप से 2030 से पहले ही देश को इस अपराध से मुक्त बना देने को संकल्पित है। वहीं प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है। इसके 250 से भी अधिक सहयोगी संगठन देश में बाल विवाह के खात्मे के लिए जमीन पर काम कर रहे हैं। पिछले एक वर्ष में ही इस नेटवर्क ने देश में एक लाख से ज्यादा बाल विवाह रोके हैं। "100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान''ने एक स्पष्ट और लक्ष्य केंद्रित रणनीति तय की है। इसके तहत स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों, उन धार्मिक स्थलों जहां विवाह संपन्न होते हैं, विवाह में सेवाएं देने वाले पेशेवर सेवा प्रदाताओं, और आखिर में पंचायतों व नगरपालिका वार्डों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि बच्चों के खिलाफ होने वाले इस सदियों पुराने अपराध को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। इस अभियान को तीन चरणों में बांटा गया है और इसका आखिरी चरण 8 मार्च 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाप्त होगा। इसका पहले चरण में स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शिक्षण संस्थानों में जागरूकता के प्रसार पर जोर रहेगा। वहीं दूसरे चरण में मंदिर, मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारे जैसे धार्मिक स्थलों पर जहां विवाह संपन्न कराए जाते हैं व बैंक्वेट हाल और बैंड वालों, हलवाई जैसे विवाह में सेवाएं देने वालों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। तीसरे और आखिरी चरण बाल विवाह की रोकथाम के लिए ग्राम पंचायतों, नगरपालिका के वार्डों और समुदाय स्तरीय भागीदारी और जिम्मेदारी को मजबूत किया जाएगा। इस कार्य योजना के बारे में जिला प्रशासन को पहले ही ब्योरेवार सूचित किया जा चुका है। मौके पर अभियान को सफल बनाने में अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल मनीष कुमार के नेतृत्व सभी पदाधिकारी ने अपना उपस्थिति दर्शाया,प्रखंड विकास पदाधिकारी रक्सौल,छौड़ादानों, जय प्रकाश कुमार,वासिक हुसैन, सभी बाल विकास परियोजना सेविका,सहायक निदेशक अक्षय कुमार जिला बाल संरक्षण इकाई पूर्वी चम्पारण,जिला बाल कल्याण समिति सदस्य ओम प्रकाश कुमार पूर्वी चम्पारण,बाल संरक्षण अधिकारी आलोक रंज, एएचटीयू इंस्पेक्टर सचिदानंद प्रसाद पूर्वी चम्पारण,प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर की जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी,सामाजिक कार्यकर्ता राज गुप्ता,आशीष कुमार,उमेश कुमार श्रीवास्तव, अजय कुमार,गौतम कुमार आदि ने भाग लिया।

## 95 लीटर देशी चुलाई के शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

**मोतिहारी।** अरेराज उत्पाद थाना ने कल रात्रि भेलानारी पुल के पास से बाइक पर लदे 95 लीटर देशी चुलाई के शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने इफ05अह- 6131 रजिस्ट्रेशन नंबर की उक्त शराब लदी बाइक को भी जप्त कर लिया। गिरफ्तार तस्कर हरसिद्धि थाना क्षेत्र के मठ लोहियार निवासी ज्ञान महतो का पुत्र खूबलाल कुमार है। पुलिस गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ कर रही है। अरेराज उत्पाद थाना के इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अरविंद कुमार के निर्देश पर एसआई उत्पल कुमार और एसआई अजीत कुमार सिंह ने की है कार्रवाई।

## बगहा : हाईकोर्ट आदेश की अवहेलना का आरोप, सीओ पर अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा



**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** बगहा अनुमंडल में अंचल अधिकारी (सीओ) नर्मदा श्रीवास्तव पर उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना और सरकारी भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाने का गंभीर आरोप लगा है। यह मामला परिवादी अहमद अली फैसल द्वारा दायर परिवाद की सुनवाई के दौरान उजागर हुआ है। अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण न्यायालय, बगहा ने सीओ के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की है। मामले से जुड़े दस्तावेजों के अनुसार, उच्च न्यायालय ने सीडब्लूजेसी वाद संख्या 15965/2024 में 17 दिसंबर 2024 को आदेश पारित करते हुए अतिक्रमण वाद संख्या 5/19-20 के क्रियान्वयन पर छह सप्ताह की रोक लगाई थी। अदालत ने विपक्षी पक्ष को समाहर्ता न्यायालय में अपील कर अंतरिम राहत प्राप्त करने का अवसर भी दिया था। आदेश में स्पष्ट निर्देश था कि छह सप्ताह की अवधि समाप्त होने के बाद अंचल अधिकारी को अंतिम कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी। परिवादी का आरोप है कि निर्धारित अवधि समाप्त हुए लगभग दस माह बीत चुके हैं, लेकिन विपक्षी पक्ष ने कोई अपील दाखिल नहीं की। इसके बावजूद सीओ द्वारा सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं की गई। शिकायत की सुनवाई में यह भी सामने आया कि 3 नवंबर 2025 को विपक्षी पक्ष से अपील दायर करवाई गई, जबकि अपील की समयसीमा बहुत पहले समाप्त हो चुकी थी। सीओ द्वारा यह दावा किया गया कि हाईकोर्ट की रोक अभी भी लागू है, जबकि यह रोक 28 जनवरी 2025 को समाप्त हो चुकी थी। लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार ने मामले को न्यायालय के आदेश की खुली अवहेलना मानते हुए सीओ नर्मदा श्रीवास्तव के विरुद्ध तत्काल अनुशासनिक कार्रवाई और राजस्व संबंधी प्रशिक्षण की अनुशंसा जिला पदाधिकारी बेतिया एवं संबंधित अधिकारियों को भेजी है। बताया गया है कि इससे पहले भी उनके विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा हो चुकी है। इस संबंध में सीओनर्मदा श्रीवास्तव का कहना है कि मामला अपील में विचाराधीन है, इसलिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं की गई है।

## जिलाधिकारी ने कृषि विज्ञान केंद्र परसौनी का भ्रमण कर वहां किए जा रहे नव प्रयोगों की प्राप्त की जानकारी ली




**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**पूर्वी चंपारण।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा पदाधिकारियों के साथ गुरुवार को कृषि विज्ञान केंद्र परसौनी का भ्रमण कर कृषि विज्ञान केंद्र में हो रही विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र परसौनी के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ अभय कुमार सिंह ने अपने केंद्र में हो रही गतिविधियों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से उनके सामने प्रस्तुत किया और साथ ही साथ किसानों के लिए कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों,योजनाओं और प्रशिक्षण को प्रेजेंटेशन के साथ बताया। इस दौरान डॉ अभय कुमार सिंह ने पिछले 06 वर्षों में केंद्र के द्वारा किए गए प्रमुख कार्यों को भी बताया जिसमें विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम,ऑन फॉर्म ट्रायल, अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण,समूह अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण,जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम,गुणवत्ता युक्त पौधे,प्राकृतिक खेती,मछली की वैज्ञानिक खेती,ड्रोन के माध्यम से रासायनिक उर्वरकों का छिड़काव,विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान जिले की किसानों की विभिन्न समस्याओं का समाधान और उपाय और अन्य प्रसार गतिविधियों का प्रेजेंटेशन किया।जिलापदाधिकारी ने बड़ी बारीकी से केंद्र की गतिविधियों का आकलन किया। जिसमें बायो फोर्टीफाइड गेहूं का बीज जैसे राजेंद्र गेहूं-3, राजेंद्र सुफलाम-1, -187 आदि का बारे में जाना और किसानों के बीच किए जा रहे कार्यों का सराहना किया। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र के समेकित कृषि प्रणाली, बीज उत्पादन क्षेत्र आदि का भी भ्रमण करके बारीकी से जानकारी प्राप्त की। साथ ही बताया गया कि संरक्षित खेती के माध्यम से किस तरह केंद्र में गेहूं की खेती करते हैं जिससे कम से कम 10000 रुपये तक किसानो को इनपुट लागत में बचत होती है और उत्पादन भी लगभग बराबर रहता है। डीएम ने मछली पालन के बारे में भी बड़ी अच्छे तरीके से केंद्र के वैज्ञानिकों से जानकारी प्राप्त की और साथ ही साथ केंद्र के वैज्ञानिकों के द्वारा किए गए शोध पत्रों के पब्लिकेशन जो कि देश और विदेश में पब्लिश हुए हैं। उनको भी देखा और सराहना किया। केंद्र के प्रमुख डॉ अभय कुमार सिंह ने केंद्र के विभिन्न डेमोंसट्रेशन यूनिट की भी जानकारी उनको दिया और केंद्र का भ्रमण कराया। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अरेराज, जिला कृषि पदाधिकारी,जिला मत्स्य पदाधिकारी,सहायक निदेशक उद्यान,सहायक निदेशक रसायन सहित कृषि विज्ञान केंद्र के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज पश्चिम चंपारण में राष्ट्रीय युवा महोत्सव, 'स्मार्ट ग्रो' प्रोजेक्ट रहा आकर्षण



**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**पश्चिम चंपारण।** गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज पश्चिम चंपारण में राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2026 के तहत ''डिस्ट्रिक्ट लेवल इनोवेशन ट्रैक एवं विज्ञान मेला'' का भव्य आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपने नवाचारी और विज्ञान तकनीक आधारित प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम नरकटियागंज सूर्य कुमार गुप्ता और निर्णायक के रूप में उद्यमी अशुतोष कुमार रॉय उपस्थित रहे। कॉलेज के प्राचार्य विजय कुमार गुप्ता ने स्वागत भाषण में नवाचार को विकास की अनिवार्य शक्ति बताते हुए छात्रों को नई सोच और प्रयोगों के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में एसडीएम गुप्ता ने इंजीनियरिंग और नवाचार को जीवन के हर क्षेत्र में प्रगति का आधार बताया। प्रोजेक्ट प्रदर्शनी में कॉलेज के छात्रों द्वारा प्रस्तुत 'स्मार्ट ग्रो' मॉडल को नवाचार और तकनीकी गुणवत्ता के आधार पर प्रथम स्थान मिला। नॉट्रे डेम पब्लिक स्कूल के 'स्मार्ट ए.आई.' प्रोजेक्ट को द्वितीय तथा उसी विद्यालय के 'कोडिंग सिस्टम' प्रोजेक्ट को तृतीय स्थान प्रदान किया गया। विजेताओं को पदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सह संयोजक अनुराग कुमार एवं स्टार्टअप संयोजक ओम प्रकाश ने किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## बुर्का पहनाकर सोनी कुमारी काल्पनिक नाम को मोहम्मद अजमुल्ला अली द्वारा नेपाल ले जाने के क्रम में एसएसबी एवं प्रयास जैक सोसाइटी एनजीओ टीम द्वारा चंगुल से कराया



**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

दिनांक 03/12/25 को मानव तस्करी रोधी इकाई(एसएसबी) टीम द्वारा मैत्री ब्रिज,रक्सौल,के पास से संदेह के आधार पर भारत से नेपाल जा रहे एक व्यक्ति और साथ में एक बुरका पहनी हुई लड़की को संदेह के आधार पर रोक कर जब टीम द्वारा प्रारंभिक पूछताछ किया गया। तो व्यक्ति ने अपना नाम मोहम्मद अजमुल्लाह अली बताया और झूठ बोला कि नाबालिग लड़की का नाम सलीमा बेगम है। पूछताक्ष में खुलासा हुआ कि व्यक्ति मुस्लिम समुदाय और नाबालिग लड़की हिन्दू समुदाय से है, जिसे इस्लाम धर्म और बुर्का पहनने के लिए मजबूत किया गया था। संभावित मानव तस्करी मामले को संज्ञान में लेते हुए जब मानव तस्करी रोधी इकाई और प्रयास जैक सोसाइटी (एनजीओ) द्वारा अलग-अलग पूछताछ करने पर पता चला कि व्यक्ति पश्चिमी चंपारण,बिहार का रहने वाला है, जो सोशल मीडिया के ज़रिए लड़की से दोस्ती की फ़रि प्रेमजाल में फंसाकर शादी करने और नौकरी दिलवाने का वादा करके दिनांक 13/11/25 को नाबालिग लड़की को उसके घर पश्चिमी चम्पारण से भगाकर गुरुग्राम (हरियाणा) ले गया, जहां नाबालिग लड़की के साथ शादी करने के नाम पर शारीरिक शोषण करता रहा। नाबालिग लड़की ने खुलासा किया है कि मोहम्मद अजमुल्लाह अली ने अपना धर्म अपनाने और इस्लाम के तौर तरीके सीखने के लिए कहा और वहां ले जाकर शादी किया था। नाबालिग लड़की के परिजन द्वारा किडनैपिंग के मामले में लोकल पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। जिसकी ख़बर जब मोहम्मद अजमुल्लाह अली को चली तो पुलिस से बचने के लिए हरियाणा से नेपाल छिपने और पहले से दुबई में काम करता था। पूछताछ से ऐसा प्रतीत हुआ कि नाबालिग लड़की के मासूमियत का मोहम्मद अजमुल्ला अली ने फायदा उठाया,जिस पर नाबालिग लड़की बिना कुछ सोचे समझे भरोसा करके प्रेमजाल में फंस कर इतना बड़ा कदम उठाई। व्यक्ति द्वारा लड़की को अपना धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया बुर्का पहनाकर नेपाल ले जा रहा था। एक सोची समझी साजिश प्रतीत होता है। पूछताछ के उपरांत नाबालिग लड़की और व्यक्ति को आगे की कार्रवाई के लिए हरैया पुलिस स्टेशन रक्सौल को सौंप दिया गया। मौके पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टिम इंस्पेक्टर विकास कुमार, खेमराज, विभा कुमारी, लाभा पी,के इंद्रा,सदर मोनिका, प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण से जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता राज गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## गौनाहा के हरपुर घोठा गांव के 65 वर्षीय बृद्ध को भालू ने प्रहार कर किया जख्मी



**लोकतंत्र के आवाज**

**संवाददाता मेराज आलम**

गौनाहा प्रखंड अंतगर्त स्थानीय पंचायत के वार्ड नंबर 12 अंतर्गत हरपुर घोठा के एक 65 वर्षीय वृद्ध को घास काटने के क्रम में भालू ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। परिजन व स्थानीय वार्ड सदस्य पुत्र सिकंदर कुमार ने बताया कि ग्रामीण जनक साह आज गुरुवार को करीब 2:30 बजे गांव से उत्तर अपने मवेशियों के लिए घास काटने गए थे। ईसी क्रम में उन्हें प्यास महसूस हुआ जब वह वहां से कुछ ही दूर पर गढ़ी माई स्थान के पर पानी पीने के लिए पहुंचे तो जैसे ही उन्होंने चापाकल को चलाना शुरु किया चापाकल चलने की आवाज सुनते ही बगल में छिपे झाड़ियों से भालू निकालकर उनके ऊपर हमला कर दिया। भालू के प्रहार से वृद्धि के दाहिने पैर पर गंभीर जख्म कर दिया है। जनक शाह के साथ पानी पीने गई उनके 8 वर्षीय पोती रोने चिल्लाने लगी। तभी भालू ने शोर सुनकर भाग खड़ा हुआ। तत्पश्चात अगल-बगल के लोगों ने बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुन कर दौड़कर स्थान पर पहुंचे तो जनक साह को जख्मी अवस्था में देखें स्थिति को देखते हुए लोगों ने उन्हें आनं-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गौनाहा पहुंचाया जहां वृद्ध घायल का उपचार किया गया। जख्म इतना गंभीर बताया जा रहा है कि वृद्धि को भालू के पंजे के प्रहार से हुए जख्म को सिलाई के लिए 80 टांके लगाए गए हैं। फिलहाल वृद्ध खतरे से बाहर है लेकिन स्थिति अभी भी नाजुक बना हुआ है। वही इलाज के बाद वन कर्मी जनक साह को उनके घर पहुंचा दिए हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज

**लोकतंत्र की आवाज**

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-वारिसलीगंज विद्युत आपूर्ति के धावा दल ने वारिसलीगंज नगर परिषद क्षेत्र के चैनपुरा गांव में बुधवार को छापेमारी कर चोरी से बिजली खपत करते एक व्यक्ति को पकड़ा गया। विद्युत शाखा के कनीय अभियंता राहुल कुमार ने चोरी से बिजली उपयोग कर्ता के विरूद्ध स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कर 12521 रुपये का जुर्माना किया गया।

### शाखा प्रबंधक को दी गई विदाई



**लोक तंत्र की आवाज**

**काशीचक।** नवादा केंद्रीय सहकारी बैंक काशीचक के शाखा प्रबंधक अमित कुमार को कार्यक्रम आयोजित कर दी गई विदाई। अमित कुमार का चयन सिविल कोर्ट किशनगंज में प्रवर श्रेनी लिपिक के रूप में हुआ है। अमित कुमार ने नये शाखा प्रबंधक ओंकार कुमार को अपना पदभार दिया। मौके पर पेक्स संघ जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार यादव, ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इनके कार्यकाल में काशीचक शाखा में बेहतर कार्य हुआ। इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष विनय सिंह, भोपाल सिंह, मंटू सिंह, पूर्व पैक्स अध्यक्ष सकलदेव सिंह, रोशन सिंह पप्पू कुमार स्थानीय निवासी और कुछ ग्राहक ने शॉल और फूल पहनाकर समानित किया गया।

### मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के सफल संचालन को लेकर मोतिहारी ''जिलाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी'' को किया गया सम्मानित

**लोकतंत्र की आवाज**
**ब्यूरो चीफ शशिकांत**



मेधा दिवस (देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती) के अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा पटना के ज्ञान भवन कार्यक्रम का आयोजन कर जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण सौरभ जोरवाल एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित वर्ष 2025 की मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा के सफल संचालन को लेकर सम्मानित किया गया। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित वार्षिक इंटरमीडिएट व वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 के सफल संचालन व मूल्यांकन कार्य में महत्वपूर्ण योगदान करने को लेकर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा मेधा दिवस के अवसर पर डीएम सौरभ जोरवाल व डीइओ राजन कुमार गिरी को मंत्री,शिक्षा विभाग बिहार सरकार सुनील कुमार,अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग बी राजेंद्र एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर के द्वारा सम्मानित किया गया। वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के सफल संचालन के साथ-साथ उत्तरपुस्तिकाओं के बारकोडिंग करने व मूल्यांकन कार्य में महत्वपूर्ण व सराहनीय कार्य को लेकर इन दोनों पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र, लैपटॉप एवं मोमेंटो से सम्मानित किया गया।

# गांव में बोरिंग में जुटे कंप्रेशर मशीन को वन विभाग ने किया जब्त, रेंजर ने कहा कंप्रेशर मशीन से होता है अवैध खनन, प्राथमिकी

**लोकतंत्र की आवाज**

**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** थाना क्षेत्र के हरदिया डैम के उस पार सुअरलेटी गांव से वन विभाग की टीम ने बुधवार की दोपहर दो कंप्रेशर मशीन को जब्त किया है। वन विभाग के अनुसार यह कार्रवाई जंगली क्षेत्र में अवैध उत्खनन के विरुद्ध की गई है,जबकि ग्रामीणों का कहना है वे चापाकल की बोरिंग के लिए कंप्रेशर मशीन मंगवाए थे। हालांकि वन विभाग ने दोनों कंप्रेशर मशीन को जब्त कर रजौली स्थित वन परिसर में रखा गया है। रेंजर नारायण लाल सेवक ने बताया कि फुलवरिया डैम पार स्थित जंगली क्षेत्र में कंप्रेशर द्वारा अवैध खनन करने को लेकर गुप्त सूचना मिली।सूचना के आलोक में वनपाल आदर्श कुमार,वनरक्षी रवि कुमार व रंजन कुमार के साथ अन्य वन कर्मियों के सहयोग से छापेमारी की गई।छापेमारी के दौरान सुअरलेटी गांव से दो कंप्रेशर मशीन को जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि जब्त कंप्रेशर मशीन के आलोक में अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।



**बोरिंग में उपयोग करने वाले कंप्रेशर मशीन को ले गए वनकर्मी :-** ग्रामीण सुअरलेटी गांव निवासी लक्ष्मण भुइयां के पुत्र संदीप भुइयां ने बताया कि वे अपने परिजनों के साथ खेत पटवन में जुटे हुए थे,किंतु खेत पटवन के लिए उपयोग होने वाला बोरिंग जाम हो गया था,जिसे ठीक करवाने के लिए कोडरमा से एक कंप्रेशर मशीन मंगवाए थे,ताकि खेतों में लगे गेहूं के फसल में पटवन हो सके। इसी बीच वन विभाग द्वारा छापेमारी की गई और कंप्रेशर मशीन को ले गई।वहीं अन्य ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग द्वारा वन क्षेत्र के झाड़ियों में पड़े एक खराब कंप्रेशर मशीन को भी जब्त किया गया है।वन विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के विरुद्ध ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने वरीय पदाधिकारियों से इसकी शिकायत करने की बात भी कही है।

इस संबंध में रेंजर नारायण लाल सेवक ने बताया कि गुप्त सूचना के आलोक में वन कर्मियों द्वारा दो कंप्रेशर मशीन को जब्त कर प्राथमिकी दर्ज की गई है।ग्रामीणों द्वारा लगाए आरोप पर कहा कि अनुसंधान के क्रम में सच्चाई आने पर विशेष निर्णय लिया जाएगा।

**सवैयाटांड़ में होती है अवैध खनन, कार्रवाई शून्य:-** रजौली मुख्यालय से सुदूरवर्ती पंचायत सवैयाटांड़ में दर्जनों अभ्रक खदानों में माफियाओं के द्वारा दिन के उजाले से लेकर रात्रि के अंधेरे में धमाका कर धड़ल्ले से अवैध खनन जारी है।जबकि वन विभाग का चेक नाका होने के बावजूद अवैध खनन जारी है।वहीं प्रशासनिक दवाब में कभी-कभार छापेमारी कर कार्रवाई का सिर्फ कोरम पूरा किया जाता है।सवैयाटांड़ पंचायत के अभ्रक खदानों में हो रहे अवैध उत्खनन से बिहार सरकार को प्रतिदिन लाखों रुपयों का नुकसान हो रहा है।

## वारिसलीगंज : दिव्यांगों को किया गया सम्मानित

**लोकतंत्र की आवाज**

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-विश्व दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर आदर्श जनता पुस्तकालय एवं नाट्यकला परिषद हाजीपुर के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को दिव्यांगजन एवं विधवा महिलाओं के बीच कम्बल वितरण किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता पैक्स अध्यक्ष सुंदर कुशवाहा और संचालन राजनंदन प्रसाद एवं अनिल दास ने किया। मुख्य अतिथि के रुप में सेवानिवृत्त सीओ श्याम सुंदर दुबे तथा केपीएस विद्यालय पावापुरी के शिक्षक संजय कुमार थे।जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर तनिक नारायण सिंह उपस्थित रहकर कार्यक्रम की गरिमा बढाई।राजनंदन प्रसाद ने आगंतुक अतिथियों को फूल माला, कलम एवं शाल भेंट कर उपस्थित अतिथियों का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में सेवा निवृत्त स्वास्थ्य कर्मी कृष्णदेव प्रसाद, रेलवे कर्मी जितेंद्र प्रसाद, ग्रामीण विशेसर प्रसाद समेत बड़ी संख्या में दिव्यांगजन तथा वृद्ध विधवा महिलाएं उपस्थित रहीं।इस दौरान ठंढ़ में सिकुड़ते दिव्यांगजन एवं विधवा महिलाओं ने अच्छे कार्य के लिए आदर्श जनता पुस्तकालय की सराहना की। राजनंदन प्रसाद ने आगंतुक अतिथियों को फूल माला, कलम एवं शाल भेंट कर उपस्थित अतिथियों का जोरदार स्वागत किया। इस क्रम में राजनंदन प्रसाद एवं अनिल दास ने मां से जुड़ी स्वरचित कविता का पाठ कर मौजूद लोगों को भावुक कर दिया। समारोह में कम्बल एवं स्वादिष्ट नाश्ता पाकर दिव्यांगजन काफी खुश नजर आए।

### बाबु धाम ट्रस्ट के संस्थापक एपी पाठक एवं बाबु धाम ट्रस्ट की अध्यक्षा मंजूबाला पाठक का चंपारण भ्रमण

**लोकतंत्र की आवाज**

**क्षितिज राज**
**चंपारण** भ्रमण कार्यक्रम 05 दिसम्बर 2025 को बड़गो में ट्रस्ट कार्यकर्ताओं संग मीटिंग, सामाजिक योजनाओं की समीक्षा और लोगों से मिलन जुलन कार्यक्रम करेंगे। 06 दिसम्बर 2025 को नरकटियागंज ग्रामीण क्षेत्र गांवों का दौरा, जनता से संवाद और समस्याओं की जानकारी लेंगे और उसका समाधान करेंगे। 07 दिसंबर को हरदिया नरकटियागंज हरदिया चौक के मिष्ठान दुकान राजेश साह जिनका दिल्ली में समुचित और सस्ता इलाज में मदद किया से हालचाल लेंगे और विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। 08 दिसम्बर 2025 को बगहा विधानसभा के किसानों से मुलाकात, चालान, इंख धुलाई व भुगतान पर फीडबैक लेंगे। 09 दिसम्बर 2025 को रामनगर विधानसभा के किसानों से मिलन-जुलन, समस्याओं की जानकारी लेंगे और उसका समाधान करेंगे।तथा इनारबरवा बहुवरी निवासी राजू जी जिनका समुचित इलाज ,दिल्ली में मदद किया उनसे मिलकर हालचाल लेंगे। 10 दिसम्बर 2025 को नरकटियागंज विधानसभा के देवराज क्षेत्र गांवों का दौरा और जनता की समस्याओं का समाधान करेंगे।11 दिसम्बर 2025 को जिला मुख्यालय में अधिकारियों से बैठक, विकास योजनाओं की समीक्षा, तत्पश्चात दिल्ली प्रस्थान करेंगे।पुनः दिसंबर के तीसरे सप्ताह में पुनः चंपारण का दौरा करेंगे।

## धनहा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, नदी मार्ग से तस्करी हो रही 111 लीटर शराब जप्त, तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर फरार

**लोकतंत्र की आवाज**

**क्षितिज राज**
**मधुबनी।** धनहा थाना पुलिस ने बुधवार की देर रात गुप्त सूचना के आधार पर नदी मार्ग से हो रही शराब तस्करी का भंडाफोड़ करते हुए 111 लीटर अवैध अंग्रेजी एवं देशी शराब जप्त किया। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है।जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि तस्कर नाव के जरिए भारी मात्रा में शराब की खेप को नदी पार कराने की तैयारी में हैं। इस सूचना पर थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मधुबनी अंचल के सामने नदी तट पर छापेमारी की।छापेमारी के दौरान तट पर खड़ी एक नाव से कुल 111 लीटर अवैध शराब बरामद किया गया, जिसमें 93 लीटर एट पीएम अंग्रेजी शराब तथा 18 लीटर बंटीझबबली देशी शराब शामिल है।पुलिस की अचानक कार्रवाई देखते ही शराब तस्कर अंधेरे का सहारा लेते हुए दियारा क्षेत्र में लगी खरझखरई एवं गन्ने के खेतों में छिपकर फरार हो गए थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार तस्करों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस टीम लगातार जुटी हुई है। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।पुलिस की इस कामयाबी से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार करने वालों में दहशत का माहौल हैं।

## रजौली : बस में सफर कर रहे युवक को शराब के साथ उत्पाद पुलिस ने किया गिरफ्तार, 9 शराबी भी धराया

**लोकतंत्र की आवाज**

**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद पुलिस ने बस से सफर कर रहे एक युवक को शराब के साथ गिरफ्तार किया है।उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार शराबबंदी को सफल बनाने को लेकर अंतरराज्यीय जांच चौकी पर उत्पाद बलों के सहयोग से झारखंड की ओर से आनेवाली वाहनों की सघन जांच की जा रही थी। जिसका नेतृत्व उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता कर रहे हैं। झारखंड की ओर से एक यात्री बस को जांच के लिए रोका गया,जांच के क्रम में बस में सवार एक युवक को



750 एमएल वाले तीन बोतल ओल्ड मॉन्क नामक रम शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार युवक की पहचान नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के कोसुक गांव निवासी नागेश्वर ठाकुर के पुत्र मोहन कुमार के रूप में हुई है।उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब एवं गिरफ्तार युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है एवं गिरफ्तार युवक को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं दूसरी ओर बुधवार की शाम से लेकर गुरुवार की सुबह तक विभिन्न वाहनों से शराब पीकर सफर करने वाले 9 लोगों को उत्पाद बलों ने हिरासत में लिया है,जिसके शराब पीए होने की पुष्टि ब्रेथ एनलाइजर मशीन से हुई।सभी शराबियों को गुरुवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया,जहां जुर्माना राशि जमा करने के बाद अपने-अपने घर चले गए। जांच के मौके पर उत्पाद एसआई प्रवीण कुमार,एएसआई विश्वजीत कुमार,एएसआई दीपक कुमार शर्मा,एएसआई धर्मेंद्र कुमार के साथ गृहरक्षक के जवान शामिल थे।

## वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में बाघ गणना को ले वनकर्मियों का प्रशिक्षण शुरू

**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**वाल्मीकि नगर।** वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (श्ळफ) में आगामी बाघ गणना की तैयारी शुरू हो गई है। हरनाटांड, गनौली और चिउटाहां वन प्रक्षेत्रों के वनकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण फील्ड बायोलॉजिस्ट सौरभ वर्मा ने प्रदान किया, जिसमें रेंजर, वनपाल और संबंधित वनकर्मी शामिल हुए। हरनाटांड प्रक्षेत्र के रेंजर शिव कुमार राम ने बताया कि प्रशिक्षण में बाघों की गणना से जुड़ी तकनीकी बारीकियों और आवश्यक सावधानियों पर विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने कहा कि सटीक आंकड़े जुटाने के लिए सभी मानकों का पालन अनिवार्य है।




**मोबाइल एप के माध्यम से अपलोड होंगी फील्ड सर्वे की जानकारियां:** प्रशिक्षण के दौरान वनकर्मियों को बताया गया कि गणना कार्य के दौरान एक विशेष मोबाइल एप का उपयोग किया जाएगा। इस ऐप में बाघ के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष साक्ष्य–जैसे पगमार्क, लेटने के निशान, विष्ठा और शिकार (किल) की तस्वीरें व विवरण अपलोड किए जाएंगे। इसके साथ ही जीपीएस लोकेशन भी जोड़नी अनिवार्य होगी ताकि सटीक पहचान सुनिश्चित हो सके। वनकर्मियों को रेंज फाइंडर से दूरी मापने तथा सुंटो कंपास से दिशा निर्धारित करने के तरीके भी सिखाए गए।

**जल्द लगेंगे ट्रैप कैमरे, फिर शुरू होगा फील्ड सर्वे:** रेंजर शिव कुमार राम ने बताया कि यह प्रशिक्षण आगामी बाघ गणना की पहली तैयारी है। जल्द ही वाल्मीकि टाइगर रिजर्व क्षेत्र में ट्रैप कैमरे लगाए जाएंगे। कैमरों की निगरानी एवं परीक्षण के बाद जमीनी स्तर पर सर्वेक्षण कार्य शुरू होगा। वनकर्मी और अधिकारी निर्धारित क्षेत्रों में सीधे फील्ड सर्वे कर आवश्यक डेटा जुटाएंगे। उल्लेखनीय है कि बाघों की गणना हर चार वर्ष में की जाती है। लगभग 900 वर्ग किलोमीटर में फैले वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में वर्ष 2000-01 में बाघों की संख्या मात्र तीन थी, जो अब लगातार बढ़ रही है।

## 8 दिसंबर को जॉब कैम्प, 100 अभ्यर्थियों का होगा चयन

**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
बगहा। श्रम संसाधन विभाग की ओर से 08 दिसंबर 2025 को ब्लॉक कैंपस (बीएसडीसी), बगहा के प्रांगण में जॉब कैम्प का आयोजन किया गया है। यह कैंप सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। इच्छुक अभ्यर्थी कैंप में उपस्थित होकर निजी नियोजकों से सीधे रोजगार से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे तथा अपना बायोडाटा/आवेदन जमा कर पाएंगे। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि जॉब कैम्प में निजी नियोजक द्वारा सिक्योरिटी गार्ड, फायर मैन, सेक्रेटरी, सुपरवाइजर और गनमैन जैसे विभिन्न पदों के लिए कुल 100 अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा बेहतर मानदेय प्रदान किया जाएगा, जबकि कार्यक्षेत्र गुड़गांव निर्धारित है।




कैम्प में भाग लेने वाले सभी उम्मीदवारों के लिए एनसीएस पोर्टल पर निबंधन अनिवार्य है। जिला नियोजनालय ने बताया कि अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी कार्यालय के संपर्क नंबर 06254-295737 पर संपर्क कर सकते हैं। जॉब की तलाश कर रहे युवाओं में इस कैंप को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।

## कोट माई स्थान परिसर में पूर्णिमा की रात्रि पर भव्य भंडारा, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, समाजसेवियों और क्षेत्र के गणमान्यों ने प्रसाद वितरण में निभाई अहम भूमिका

**लोकतंत्र की आवाज**

**क्षितिज राज**
**चौतरवा।** चौतरवा थाना क्षेत्र स्थित ऐतिहासिक कोट माई स्थान परिसर में पूर्णिमा की पावन रात्रि पर बुधवार को भव्य भंडारा एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धार्मिक माहौल और भक्ति से परिपूर्ण वातावरण में देर रात तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। क्षेत्र के लोगों ने इसे पूर्णिमा के अवसर पर सामाजिक सौहार्द और धार्मिक आस्था का प्रतीक बताया।मंदिर के पुजारी श्रीकिसुन दास की देखरेख में पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पूजा उपरांत मंदिर परिसर में भंडारा का शुभारंभ किया गया, जिसमें भारी संख्या में गांवों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए अलग से व्यवस्था की गई थी, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजन समिति के सदस्यों ने पूरे परिसर में साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था, पानी और प्रसाद वितरण की जिम्मेदारी बखूबी निभाई। कई स्थानीय युवाओं ने भी स्वेच्छा से श्रमदान कर सहयोग दिया।भंडारे में खीर, पूड़ी समेत अन्य प्रसाद वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में माता के समक्ष दीप जलाकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं, कई भक्तों ने पूर्णिमा की विशेष व्रत कथा सुनी और रात्रि जागरण में भजन-कीर्तन कर अपनी आस्था व्यक्त की।क्षेत्र के गणमान्य लोगों



ने कहा कि कोट माई स्थान में पूर्णिमा पर आयोजित होने वाला यह भंडारा वर्षों से सामाजिक एकता और धार्मिक परंपरा का प्रतीक रहा है। इस बार भी बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया।पुजारी श्रीकिसुन दास ने बताया कि भक्तों के सहयोग और मंदिर समिति के प्रयास से कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं और सहयोगियों का धन्यवाद व्यक्त किया और आगे भी ऐसे धार्मिक आयोजनों में सहयोग बनाए रखने की अपील की।पूर्णिमा की रात्रि में आयोजित यह भंडारा क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा, जिसने एक बार फिर यह साबित किया कि सामूहिक आस्था और सद्भाव किसी भी आयोजन को सफल बना सकते हैं।

## रामनगर में 12 फीट का अजगर देखकर दहशत, वन विभाग ने तीन घंटे में किया सफल रेस्क्यू

**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**रामनगर।** पश्चिमी चंपारण के रामनगर प्रखंड के मुजरा गांव में गुरुवार दोपहर एक विशालकाय अजगर दिखाई देने से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। करीब 10 से 12 फीट लंबा और 25 से 30 किलो वजनी यह अजगर एक घर की दीवार के पास छिपा हुआ था। अचानक सांप को देखकर लोगों में दहशत फैल गई और देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी फॉरेस्टर आशीष कुमार के नेतृत्व में वन विभाग की एक विशेष टीम मौके पर पहुंची। टीम ने पहुंचकर स्थिति



का जायजा लिया और सुरक्षित रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

**तीन घंटे की मशक्कत के बाद दीवार तोड़कर निकाला गया अजगर:** अजगर के सुरक्षित रेस्क्यू के लिए वन कर्मियों ने घर की दीवार को आंशिक रूप से तोड़ना पड़ा। करीब तीन घंटे तक चले इस अभियान में वनकर्मी बेहद सावधानी के साथ काम करते रहे। इस दौरान स्थानीय लोगों की भारी भीड़ लगी रही। टीम के सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी ने रेस्क्यू के दौरान ग्रामीणों से दूरी बनाए रखने की अपील की, ताकि किसी तरह की अनहोनी से बचा जा सके।

**सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा गया अजगर:** रेस्क्यू के बाद वन विभाग की टीम ने अजगर को पकड़कर सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### ईस्ट एन वेस्ट में मना डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती



लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवादाता। बुधवार को स्थानीय ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की 141वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर ईस्ट एन वेस्ट कॉलेज समुह के चेयरमैन डॉ रजनीश रंजन व भुपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय की सीनेट सदस्या मनीषा रंजन, प्राचार्य डॉ नागेन्द्र कुमार झा ने डॉ राजेन्द्र प्रसाद के तैल चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। चेयरमैन ने कहा कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद स्वतंत्रता आंदोलन के सशक्त सेनानी थे और महात्मा गांधी के साथ अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ निरंतर लड़ाई लड़ते रहे। नमक सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्हें कई बार जेल की यातनाएं झेलनी पड़ी। कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का सादा जीवन उच्च विचार लोगों के लिए प्रेरणादायक साबित होता। निदेशिका मनीषा रंजन ने अपने संबोधन में कहा डॉ. राजेन्द्र प्रसाद संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में सामाजिक प्रगति के प्रतीक थे। संविधान के मूल अधिकार, मूल कर्तव्य के प्रति सदैव चिंतित रहा करते थे। प्राचार्य डॉ झा ने कहा हम सभी को डॉ राजेन्द्र प्रसाद के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए ताकि देश व समाज के विकास में उनकी भूमिका हो सके। इस अवसर पर मां चंद्रिका टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज जहानाबाद के चेयरमैन डॉ संजय सिंह, चन्द्रगुप्त मौर्य कॉलेज आफ एजुकेशन पटना के चेयरमैन सन्नी आनंद, महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रमुख डॉ प्रियंका पांडेय, प्राध्यापक सह जन संपर्क पदाधिकारी अभय मनोज सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्राध्यापक उपस्थित थे।

### सहरसा : वेवजह गाली गलौज करते हुए तीन व्यक्ति को किया मारपीट



लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवादाता। प्रखंड क्षेत्र के मुख्य बाजार में बुधवार की सुबह वेवजह गाली गलौज करते हुए मारपीट कर एक पक्ष के तीन व्यक्ति को गंभीर रूप से जख्मी करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़ित जख्मी महिला शंकर स्वर्णकार कि पत्नी सुलेना देवी ने सोनवर्षा राज थाना में आवेदन देकर पड़ोस के ही कैलाश स्वर्णकार व उसकी पत्नी रूपा देवी सहित बच्चे के द्वारा लाठी डंडे व लौहे के रड से मारपीट कर जख्मी करने का आरोप लगाया है। दिए गए आवेदन के अनुसार उपरोक्त सभी व्यक्ति के द्वारा जबरन दरवाजे पर पहुंच कर गालीगलौज करने लगा। गाली देने से जब मना किया तो मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। ग्रामीणों की मदद से बीचबचाव कर मामला शांत कराते हुए सभी जख्मी को इलाज के लिए सीएचसी सोनवर्षा राज में भर्ती कराया गया। घटना के बाबत सोनवर्षा राज थानाध्यक्ष संजय कुमार सत्यार्थी ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

### प्रो. (डॉ.) गुलरेज़ रौशन रहमान की अध्यक्षता में भारतीय ज्ञान परम्परा के पुनर्जीवन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी 17 को




लोक तंत्र की आवाज

सहरसा । राजेंद्र मिश्रा कॉलेज, सहरसा में प्रधानाचार्य एवं आयोजन अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) गुलरेज़ रौशन रहमान के नेतृत्व में "भारतीय ज्ञान प्रणाली : भारतीय ज्ञान परंपरा का पुनर्जीवन" विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी 17 दिसंबर 2025 को आयोजित की जाएगी। इस आयोजन का मुख्य केंद्र शोध–सार आमंत्रण है, जो भारतीय वैदिक–दार्शनिक ज्ञान को आधुनिक शिक्षा–विमर्श से जोड़ने की दिशा में निर्णायक पहल माना जा रहा है।

शोध–सार सीमा : 250 शब्द, शोध–पत्र : 2000–2500 शब्द, स्वरूप : MS Word, ईमेल :rmcbedseminar@gmail.com, अंतिम तिथि : आज, 5 दिसंबर 2025

पंजीकरण शुल्क : फैकल्टी ₹800, शोधार्थी/स्कूल शिक्षक/छात्र ₹600

भुगतान विवरण : खाता नाम : PRINCIPAL RM COLLEGE (B. ED SEMINAR), A/C : 5326183679 | IFSC : CBIN0282835, बैंक : सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, पटुआहा, पूर्व बाजार, सहरसा

आयोजन समिति : मुख्य संरक्षक – कुलपति प्रो. (डॉ.) बिमलेन्दु शेखर झा, संरक्षक – रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार ठाकुर, अध्यक्ष – प्रो. (डॉ.) गुलरेज़ रौशन रहमान, प्राचार्य, सचिव – डॉ. ललित नारायण मिश्र, संयोजक – डॉ. प्रतिष्ठा कुमारी, आयोजन सचिव – डॉ. बाबर खान, डॉ. राजेश कुमार।

# कटिहार शहर में अतिक्रमण पर चला जमकर बुलडोजर

## सड़क पर वर्षों से किये गये अवैध निर्माण को नगर निगम ने बुलडोजर चलाकर हटाया

लोकतंत्र की आवाज

**प्रवीण कुमार**

**कटिहार।** कटिहार शहर के नगर थाना क्षेत्र के डहरिया वार्ड संख्या 38 में मुख्य सड़क पर वर्षों से किए गए अवैध निर्माण को नगर निगम ने बुलडोजर चलाकर हटा दिया। दयालाल साह के परिवार द्वारा सड़क पर कब्जा जमाकर आम लोगों के आवागमन में लगातार बाधा उत्पन्न की जा रही थी। सड़क जाम रहने की शिकायतें लंबे समय से उठ रही था।

नगर निगम की ओर से कई बार नोटिस देने के बावजूद न तो अवैध निर्माण को हटाया गया और न ही परिवार की ओर से कोई संतोषजनक जवाब दिया गया। इसी तरह जयप्रकाश साह द्वारा भी सरकारी जमीन पर मकान बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया था। चेतावनी देने के बाद भी जब कोई पहल नहीं की गई। तब प्रशासन ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया।निर्धारित समय पर नगर निगम की टीम, मजिस्ट्रेट और पुलिस बल के साथ पहुंची और मौके पर मौजूद अवैध निर्माण को हटाने की प्रक्रिया शुरू की। बुलडोजर की कार्रवाई के दौरान इलाके में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनज़र पुलिसकर्मियों की तैनात किया गया था। स्थानीय लोग सड़क को मुक्त होते देख राहत महसूस करते नजर



आये। मजिस्ट्रेट सह अंचल अधिकारी अंशु ने बताया कि जिस प्रकार बार-बार नोटिस देने के बावजूद निर्माण नहीं हटाया गया।उसी आधार पर आज यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आगे भी शहर में जहां-जहां अवैध कब्जे हैं, वहां इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। नगर निगम की इस कार्रवाई को शहर में अतिक्रमण विरोधी अभियान की शुरुआत माना जा रहा है। प्रशासन के इस कदम से स्पष्ट संदेश गया है कि सरकारी जमीन पर कब्जा कर बैठे लोगों के खिलाफ अब कड़ा रुख अपनाया जाएगा।



## कोशी क्षेत्रीय विकलांग विधवा वृद्ध कल्याण समिति ने दिव्यांगजनों को किया सम्मानित



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर बुधवार को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित कोशी क्षेत्रीय विकलांग विधवा वृद्ध कल्याण समिति के तत्वावधान में दिव्यांग जनों के सम्मान में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत कोशी क्षेत्रीय विकलांग आवासीय मध्य विद्यालय के बच्चों द्वारा मनोहर उच्च विद्यालय बैजनाथपुर मैदान पर एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वही मंगलवार को सहरसा स्टेडियम में विनय भूषण प्रसाद मेमोरियल दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता उत्तर बिहार एवं दक्षिण बिहार टीम के बीच खेला गया।

इस प्रतियोगिता का उद्घाटन डीआरडीए निदेशक वैभव कुमार के द्वारा किया गया। जिसमें उत्तर बिहार टीम ने जीत हासिल किया।इसके साथ साथ बुधवार को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर दिव्यांग आवासीय मध्य विद्यालय पटुआहा में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन खेल पदाधिकारी, संस्थान के अध्यक्ष सह बोर्ड सदस्य मोहन कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम मे संस्थान महासचिव मुकेश कुमार के द्वारा मंच संचालन किया गया। संस्थान के अध्यक्ष ने संस्था के 37 वर्षों के क्रिया कलाप एवं चल रहे गतिविधियों की सराहना की। उन्होने कहा कि सभी दिव्यांग जनों को प्रधानमंत्री आवास योजना का शतप्रतिशत लाभ दिलाने हेतु चल रहें कार्यों की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान सफल दिव्यांग प्रतिभागियों को शील्ड, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही उद्घाटनकर्ता एवं दिव्यांगजनों के हित में समर्पित कार्यकर्ताओं को इयर बग, व्हील चेयर, पाग, चादर देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर संस्थान के कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार, प्रभारी प्राचार्य जयंती कुमारी, सुनील कुमार ठाकुर, शिवराम शर्मा, उपेंद्र कुमार, पूनम देवी, डॉली कुमारी, डा अबू सालेह, दयानंद कुमार, अवधेश सहित अन्य ने कार्यक्रम की सफलता में सराहनीय योगदान दिया।

## मुंगेर विविका चयन, विकसित भारत की युवा नेतृत्व यात्रा में नई पहचान

लोकतंत्र की आवाज

**प्रवीण कुमार, कटिहार।** अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य तल्लू वासकी ने बताया कि आज दिनांक 4/12/2025 को समय 10:30 मेरे 9931825736 नंबर पर 7766072790 मोबाइल नं से कॉल आया कि मेरे व्यक्ति का जमीन संबंधित कार्य कर देना नहीं तो जान से मार देंगे। तुमको हम 10- 15 मोटरसाइकिल से खोज रहे थे। लेकिन तुम हम लोगों को देखकर कहीं छुप गया। पता लगा कि शेख छोटू रसूलपुर प्रखंड मनिहारी के रहने वाला है।भविष्य में मेरे पर कभी भी जानलेवा हमला या जान से मर भी सकते हैं। इस विषय को लेकर कटिहार के आरक्षी अधीक्षक से बातचीत कर तुरंत



कार्रवाई हेतु आदेश दिया गया है। एवं संबंधित थाना प्रभारी को भी दूरभाष के माध्यम से सूचना अग्रसरित की गई है।और थाना प्रभारी के द्वारा छापेमारी भी शुरू किया गया है। जरूरत पड़ने पर अनुसूचित जनजाति आयोग कमेटी गठित कर घटना का जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करेगी।

## सहरसा : जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध 16 दिवसीय अभियान सह जागरूकता आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा दिनांक 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक संचालित जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध 16 दिवसीय विशेष अभियान के अंतर्गत बुधवार को राजकीय अनुसूचित जाती हरिजन मध्य विद्यालय, महिषी में जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध 16 दिवसीय अभियान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में लैंगिक समानता, बाल सुरक्षा कानूनों, जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की समझ को बढ़ाना था। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक,



जिला हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वीमेन, सहरसा एवं केन्द्र प्रशासक वन स्टॉप सेंटर, द्वारा बालक एवं बालिकाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का महत्व, बाल विवाह के दुष्परिणाम एवं कानून, जेंडर आधारित हिंसा और उसके प्रकार, लैंगिक भेदभाव के दुष्प्रभाव, पॉक्सो एक्ट के तहत बच्चों के अधिकार, सुरक्षा के प्रावधान एवं दंड, बालकों व बालिकाओं के लिए उपलब्ध विशेष सुरक्षा एवं संरक्षण उपाय की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ऋचा मिश्रा द्वारा लैंगिक हिंसा की रोकथाम एवं समाज में लैंगिक समानता स्थापित करने के प्रभावी तरीकों पर विस्तृत रूप से बताया गया। बच्चों को यह भी बताया गया कि हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में कैसे सुरक्षित रहें और किससे सहायता प्राप्त करें।

साथ ही कार्यक्रम में ब्रज भूषण, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ, एवं अजय एमटीएस एवं विद्यालय के प्राचार्य,शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि यह कार्यक्रम बच्चों में जागरूकता फैलाने, उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाने तथा समाज में लैंगिक समानता व हिंसा मुक्त वातावरण स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## कसबा में विकास की फ़ाइलें अब सड़क पर उतरेंगी, सड़कें होंगी चकाचक

**■ विधायक नितेश कुमार सिंह ने सड़कों–पुलों की "रेड लिस्ट" मंत्री अशोक चौधरी को सौंपी**

लोक तंत्र की आवाज

**कसबा ।** कसबा की टूटी सड़कें अब "वादा" नहीं, कार्य–सूची बन गईं।58 कसबा विधानसभा के विधायक नितेश कुमार सिंह ने क्षेत्र के जर्जर, अधूरे और संकटग्रस्त सड़क–पुलों की रेड लिस्टरिपोर्ट ग्रामीण कार्य मंत्री डॉ. अशोक चौधरी को सौंपकर विकास की समय–सीमा तय कराने की पहल शुरू कर दी है। मंत्री ने तत्काल तकनीकी स्वीकृति और प्राथमिकता–कोड देने का आश्वासन दिया।

"रेड लिस्ट" क्या है?: दरकती सड़कें, अधूरे पुल, बारिश में जानलेवा रूट, स्कूल–अस्पताल को अवरुद्ध वाले मार्ग विधायक का पत्र — अब जनता की आवाज़ सरकारी रिकॉर्ड में "कसबा की हर अधूरी सड़क अब प्राथमिकता है; राजनीति नहीं, परिणाम महत्वपूर्ण है।"— नितेश कुमार सिंह, विधायक

पत्र में मांगी गईं माँगें : मानसून से पहले काम, समयबद्ध प्रगति रिपोर्ट, डॉक्टर–स्कूल–व्यापार मार्ग को प्राथमिकता, अधूरे पुलों का तत्काल कार्यारम्भ

**मंत्री का जवाब–कसबा को 'फास्ट ट्रैक' मिलेगी:** "कसबा सूची को त्वरित स्वीकृति मिलेगी; फ़ाइलें अब ज़मीन पर दिखेंगी। विकास काग़ज़ पर नहीं बचेगा।"



## योजनाओं की प्रगति और बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता से संबंधित प्रश्न सदन में सांसद ने उठाया

लोकतंत्र की आवाज

**प्रवीण कुमार**

**कटिहार।** सांसद तारिक अनवर ने लोकसभा में पूछे गये प्रश्न संख्या 903 पर आज ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने अपना विस्तृत उत्तर प्रस्तुत किया है। यह प्रश्न बिहार, विशेषकर अपने लोकसभा क्षेत्र कटिहार ज़िले में विद्युतीकरण की वास्तविक स्थिति, योजनाओं की प्रगति, ढांचागत उपलब्धता और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता से संबंधित था। जिसमें मंत्रालय की ओर से उत्तर मे बताया गया कि बिहार सरकार के अनुसार ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बिजली अवसंरचना की उपलब्धता पर्याप्त बताई गई है।

ग्रामीण क्षेत्रों में एफ वाई 2026 की दूसरी तिमाही में प्रतिदिन औसत 22.22 घंटे बिजली आपूर्ति दर्ज की गई। केंद्र सरकार ने DDUGJY, IPDS और सौभाग्य योजना के माध्यम से देशभर के सभी बसे हुए गांवों का विद्युतीकरण 2018 तक पूरा किया। बिहार में कुल 2,906 गांव, तथा कटिहार ज़िले में 934 गांव विद्युतीकृत किए गए। सौभाग्य योजना के तहत देशभर में 2.86 करोड़ तथा बिहार में 32,59,041 घरों का विद्युतीकरण हुआ।



कटिहार ज़िले में- 2,13,906 बीपीएल परिवार, 3,47,597 परिवार बिजली से जोड़े गये। RDSS योजना के तहत बिहार में 12,581 करोड़ तथा कटिहार के लिए 278 करोड़ की स्वीकृतियाँ प्रदान की गई हैं।जिनमें सबस्टेशन उन्नयन, ट्रांसफॉर्मर स्थापना, फीडर सेग्रिगेशन और स्मार्ट मीटरिंग जैसे कार्य शामिल हैं। कटिहार जिला कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता पंकज कुमार तमाखुवाला ने बताया कि सांसद श्री तारिक अनवर जी लगातार कटिहार और सीमांचल की बिजली व्यवस्था को बेहतर व सुदृढ़ बनाने के लिए सदन में आवाज़ उठाते रहे हैं और आगे भी जनता के हितों के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। हर घर तक गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और निर्बाध बिजली, यही हमारा संकल्प है।

**■ बिहार सरकार के अनुसार ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बिजली अवसंरचना की उपलब्धता पर्याप्त बताई**

## 52वीं वाहिनी SSB, अररिया द्वारा "बॉर्डर यूनिटी रन" का भव्य आयोजन 13 को

लोक तंत्र की आवाज

**अररिया ।** सीमावर्ती क्षेत्रों में जन–सहयोग, एकता और स्वास्थ्य जागरूकता को नई दिशा देने के उद्देश्य से 52वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (SSB), अररिया द्वारा दिनांक 13 दिसंबर 2025 को "बॉर्डर यूनिटी रन" का आयोजन किया जा रहा है। यह पहल सीमा क्षेत्र में विश्वास, सौहार्द और सुरक्षा–चेतना को मजबूत करने का महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

**रूट एवं प्रतियोगिता विवरण:** 5 किलोमीटर मेगा रन — गाँव दहीपोरा से BOP कुवारी तक, 3 किलोमीटर की 05 रन प्रतियोगिताएँ — विभिन्न सीमा क्षेत्रों में आयोजित इस आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला एवं




पुलिस प्रशासन, SSB जवान, सीमावर्ती ग्रामीण, युवा और स्कूल–कॉलेज के विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

**रन के प्रमुख उद्देश्य :** SSB और सीमा क्षेत्र की जनता के बीच एकता एवं विश्वास को बढ़ावा देना।स्थानीय आबादी में स्वास्थ्य जागरूकता एवं फिटनेस का महत्व स्थापित करना। क्षेत्रीय युवाओं को खेल, अनुशासन एवं सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना।

**■ सीमा क्षेत्र में एकता, जन–सहयोग और स्वास्थ्य चेतना को मिलेगा नया आयाम**

**कार्यक्रम का महत्व:** इस आयोजन से न केवल सीमावर्ती युवाओं में खेल भावना और फिटनेस की समझ बढ़ेगी, बल्कि जनता और सुरक्षा बलों के मध्य सहयोग एवं संवाद भी सुदृढ़ होगा।

**सहभागिता हेतु अपील:** 52वीं वाहिनी SSB, अररिया ने अधिक से अधिक स्थानीय नागरिकों, युवाओं और संस्थानों से इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की है।

## मुंगेर विश्वविद्यालय से 'विकसित भारत PPT चैलेंज' के जूरी मेंबर नामित, डॉ. विद्या कुमार चौधरी को राज्यस्तरीय जिम्मेदारी

लोक तंत्र की आवाज

**मुंगेर।** राज्यपाल सचिवालय, बिहार की ओर से जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार 29वां राष्ट्रीय युवा उत्सव-2026 अंतर्गत आयोजित विकसित भारत PPT चैलेंज (Viksit Bharat PPT Challenge) के लिए बिहार से चुनें जाने वाले 20 जूरी सदस्यों की सूची में मुंगेर विश्वविद्यालय का नाम शामिल हो गया है।इस सूची में आरडी एंड डीजे कॉलेज के प्रो. डॉ. विद्या कुमार चौधरी को स्टेट लेवल जज बेंच जूरी के रूप में नामित किया गया है।

**राज्यपाल सचिवालय के निर्देश पर चयन:** राज्यपाल सचिवालय, बिहार लोक भवन, पटना द्वारा 04 दिसंबर 2025 को जारी पत्र में 29वें राष्ट्रीय युवा उत्सव-2026 के अंतर्गत आयोजित Viksit Bharat Young Leaders Dialogue के लिए जूरी चयन की प्रक्रिया सुनिश्चित की गई है। उसी क्रम में स्टेज-3 PPT Challenge का आयोजन 09 एवं 10 दिसंबर 2025 को भारतीय नृत्य कला मंदिर, पटना में होना है। इस आयोजन में 10 विषयगत ट्रैक्स के लिए 2-2 जज बेंच का गठन अनिवार्य है।



**स्टेज-2 में भी मुंगेर विश्वविद्यालय सक्रिय:** इसी कार्यक्रम के स्टेज-2 (निबंध मूल्यांकन) में मुंगेर विश्वविद्यालय से निम्न को मूल्यांकन हेतु पहले ही नामित किया गया था—मुनिंद्र कुमार सिंह (कार्यक्रम समन्वयक), डॉ. प्रियरंजन तिवारी, डॉ. मुकेश कुमार इस सूचना को राजभवन को ई-मेल से भेज दिया गया है।

**विश्वविद्यालय पदाधिकारियों की प्रतिक्रियाएं:** कुलपति प्रो. (डॉ.) संजय कुमार: "मुंगेर विश्वविद्यालय युवाओं की प्रतिभा निखारने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हमारा योगदान राज्य से राष्ट्रीय मंच पर प्रभाव छोड़ेगा।" डीएसडब्ल्यू प्रो. (डॉ.) महेश्वर मिश्र: "छात्र My Bharat Portal पर सक्रिय होकर अधिकाधिक लाभ लें।" कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय: "तीनों स्टेज में युवा कौशल और डिजिटल दक्षता का राष्ट्रीय प्रदर्शन होगा।"

## संक्षिप्त खबरें ।

### भाजपा की बैठक सम्पन्न कई बिंदुओं पर किया चर्चा



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
गिद्धौर। प्रखंड के भारतीय जनता पार्टी मंडल का महत्वपूर्ण बैठक बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में बृहस्पतिवार को संपन्न हुआ।बैठक का अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार एवं संचालन भाजपा मंडल महामंत्री मनोज कुमार कुशवाहा ने किया।बैठक का उद्देश्य भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आगमन देवघर में 6 दिसंबर को होने जा रहा है।जिसका तैयारी को लेकर एवं हर घर स्वदेशी घर–घर स्वदेशी अभियान पर विस्तृत रूप से एवं संगठन मजबूती पर चर्चा किया गया।बैठक में महामंत्री अशोक कुमार गुप्ता मंडल उपाध्यक्ष सह उपप्रमुख प्रीतम यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष रामानंद दांगी पार्टी के वरिष्ठ नेता महेंद्र राम सुनील कुमार राणा बबलू कुमार साव अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष प्रसादी पासवान दुवारी पंचायत संयोजक लालधारी यादव विकास यादव रामलखन रजक ब्रह्मदेव यादव रोहित कुमार दांगी उमेश दांगी सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### धनबाद विधायक ने कहा विस्थापितों को मिले समग्र सुविधा, तभी होगी पुनर्वास,,,, अन्यथा कंपनी अंजाम भुगतने को तैयार रहे : शत्रुघ्न महतो



लोकतंत्र की आवाज़
पप्पु गुप्ता , ब्योरो चीफ
धनबाद कतरास । बाघमारा के जनप्रिय विधायक श्री शत्रुघ्न महतो निरंतर केशलपुर ,कुम्हार पट्टी के ग्रामीणों को सुविधापूर्ण पुनर्वास के लिए प्रयासरत हैं ,, इसी क्रम में आज माननीय विधायक जी संबंधित क्षेत्र के एरिया 4 के जीएम व ग्रामीणों के साथ बैठक किए , जहाँ ग्रामीणों का सुरक्षित व सुविधापूर्ण पुनर्वास को लेकर चर्चा किए , माननीय विधायक जी ने जीएम को शक्त निर्देश देते हुए कहे जब तक रैयत को पूर्ण सुविधा व सुरक्षा नहीं मिलेगी , किसी भी परिस्थिति में पुनर्वास नहीं होगा , अगर कोई अप्रिय घटना घटित होती हैं तो इसकी जिम्मेदारी व जवाबदेही कंपनी की होगी , अगर त्वरित रूप से इस मामले का उचित समाधान नहीं होता हैं तो कंपनी का चक्का जाम के लिए हम सभी बाध्य होंगे , तदोपरांत क्षेत्र के जीएम के द्वारा आश्वासन दिया गया की अतिशीघ्र रैयतों का समस्या का समाधान किया जाएगा . इस पहल पर रैयतों ने बैठक समाप्त किया मौके पर जीएम ने माननीय विधायक जी को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किए।

### झारखंड प्रशासनिक सेवा मे उपसमाहर्ता पद पर चयनित विशाल आनंद मिले पूर्व विधायक विनोद सिंह से

लोकतंत्र की आवाज
बगोदर गिरिडीह (झारखंड)। झारखण्ड प्रशासनिक सेवा(11–13) उप समाहर्ता के पद पर चयनित देवघर के विशाल आनंद नें बगोदर के पूर्व विधायक विनोद सिंह से उनके आवास खम्भरा (बगोदर )में शिष्टाचार भेट किए!विशाल का नाना घर तुकतुको हैं मामा अनिल कुमार सिंह इनका मार्गदर्शक रहें हैं । शुरू से क्यों कि मामा ख़ुद JPSC इंटरव्यू से कुछ मार्क्स से वंचित रह चुके थे इस कारण मामा अपना सपना और विशाल का भविष्य सवारने में लगे थे घर वाले तो इंजिनियर बनाना चाहते थे लेकिन विशाल का मंशा प्रशासनिक सेवा में जाने का था अंततह JPSC उप समाहर्ता के रूप में कामयाबी मिली ,जिससे परिवार से जुड़े सारे लोग ख़ुश हैं तथा राज्य में सेवा देने का मौका मिला!काफ़ी कुछ चर्चा हुए विनोद जी से मिलकर कैसे काम करेंगे सिस्टम को लेकर योजना को लेकर बहाली को लेकर छात्रवृति को लेकर विशाल जी कहना था विनोद जी से काफ़ी कुछ सिखने को मिला पूर्व विधायक ने भी उन्हे सफलता पर बधाई देते हुए धन्यवाद किया!

### कैमरून में फंसे झारखंड के 5 मजदूर सुरक्षित घर लौटे, सोशल मीडिया पर लगाई थी मदद की गुहार

लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ
हजारीबाग (झारखंड)। झारखंड सरकार एवं विदेश मंत्रालय के हस्तक्षेप के बाद कैमरून में फंसे झारखंड के पांच मजदूर सुरक्षित मुंबई हावड़ा मेल से गुरुवार सुबह को पारसनाथ स्टेशन पहुंचे और अपने घर पहुंच गए।गांव लौटते ही मजदूरों का भावुक स्वागत किया गया।उनके परिजन,जो पिछले कई दिनों से चिंता में थे,अब राहत की सांस ले रहे हैं।वापस लौटे मजदूरों ने झारखंड एवं केंद्र सरकार के साथ–साथ सभी मीडिया और प्रवासी श्रमिकों के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली प्रति आभार जताया है। बताते चले की गिरिडीह और हजारीबाग जिले के 5 मजदूर काम करने के लिए अफ्रीका के कैमरून गए थे। जहां पर कंपनी के द्वारा 4 महीने का वेतन नहीं दिया जा रहा था। इस वजह से इन सभी मजदूरों को खाने–पीने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसके बाद सभी मजदूरों ने समाजसेवी सिकन्दर अली के माध्यम से सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर वतन वापसी की गुहार लगाई थी।इसके बाद सरकार ने सक्रियता दिखाते हुए सभी मजदूरों की बकाया वेतन के साथ–साथ वतन वापसी करायी गयी।इस मौके पर समाजसेवी सिकन्दर अली ने कहा–"रोजी–रोटी के लिए लाखों लोग विदेश जाते हैं, लेकिन वहां कई बार बेहद दर्दनाक परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है।मजबूरी में इंसान को घर से दूर जाना पड़ता है।ऐसे में सरकार को प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा और अधिकारों को लेकर ठोस कदम उठाने की जरूरत है।"कैमरून से वापस लौटने वाले मजदूरों में हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ऊंचाघना के सुनील महतो, सुकर महतो, करगालो के चंद्रशेखर कुमार, डीलो महतो व गिरिडीह जिले के डुमरी के दिलचंद महतो शामिल हैं।

# पाकुड़ : सुरक्षा की दृष्टिकोण से पेट्रोल पंप एवं शोरूम संचालकों के साथ जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक हुई




लोकतंत्र की आवाज

**सुजीत कुमार, संताल परगना,प्रभारी**
**पाकुड़।** उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी के निर्देशानुसार जिला परिवहन कार्यालय, पाकुड़ में पेट्रोल पंप मालिकों, दो एवं चारपहिया वाहन शोरूम संचालकों तथा परिवहन से संबंधित संस्थाओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी साइमन मरांडी एवं जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से की।

बैठक में निर्देश दिया गया कि जिले के सभी पेट्रोल पंप एवं वाहन शोरूम परिसर में उच्च गुणवत्ता वाले नाइट विज़न सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। सभी कैमरों में 15 से 30 दिनों का वीडियो बैकअप रखना आवश्यक होगा। यह व्यवस्था सड़क सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और दुर्घटना निगरानी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अनिवार्य की गई है। निर्देशों का अनुपालन नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु सभी शोरूम स्तर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने, तथा प्रत्येक शोरूम में सड़क सुरक्षा से संबंधित बैनर–पोस्टर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया। दोपहिया वाहन बेचते समय ग्राहक को ISI मार्क के दो हेलमेट उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। सभी शोरूमों को मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।अनुमंडल पदाधिकारी ने शोरूम एवं पेट्रोल पंप के स्टाफ को निर्देश दिया कि वे स्वयं हेलमेट का उपयोग करें, वैध ड्राइविंग लाइसेंस रखें, बीमा, पॉल्यूशन एवं नंबर प्लेट दुरुस्त रखें, नियमों का उल्लंघन करने पर चालक तथा संस्थान—दोनों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शोरूम से बिना नंबर प्लेट के किसी भी वाहन को ग्राहक को सौंपना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

साथ ही माइनिंग कंपनियों को निर्देश दिया कि अवधि समाप्त कर चुके भारी वाहनों को तत्काल बदलें। नॉन-फिट एवं एक्सपायर वाहनों का संचालन पूर्णतः बंद करें।माइनिंग क्षेत्रों में ड्रंक-एंड-ड्राइव तथा दस्तावेजों की नियमित जांच अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, अंचलाधिकारी पाकुड़, मोटरयान निरीक्षक, बीजीआर एवं डीबीएल माइनिंग कंपनी प्रतिनिधि एवं ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, सभी पेट्रोल पंप एवं वाहन शोरूम संचालक उपस्थित रहे।

## सिमरिया बिजली के सार्ट सर्किट से बीस हजार के पुआल खाक



लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**सिमरिया ( चतरा )।** प्रखंड के इचाक खुर्द में बुधवार की रात कामेश्वर सिंह के खलिहान में बिजली के ११ हजार तार के सार्ट सर्किट होने से पुआल में आग लग गई।
रात होने के कारण आग पर काबू पाने में लोगों को काफी परेशानी हुई। इस घटना में लगभग बीस हजार के पुआल जलकर खाक हो गई। समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो दर्जनों किसान के धान जलकर खाक हो जाता।पीड़ित किसान ने बताया कि जर्जर तार के कारण सार्ट सर्किट से आग लग गई। पुआल जलने से जानवरों के चारा पर संकट आ गया है। उन्होंने ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

## रांची के केंदुआडीह में जहरीली गैस का कहर, दो महिलाओं की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग को जाम



लोक तंत्र की आवाज

**रांची।** राजधानी रांची के केंदुआडीह थाना क्षेत्र में जहरीली गैस रिसाव का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। गैस के प्रभाव से अब तक दो महिलाएं, प्रियंका देवी और ललिता देवी की मौत हो चुकी है। वहीं ग्रामीण एक पुरुष की मौत का भी दावा कर रहे हैं। अचानक बढ़ी इन घटनाओं से पूरे इलाके में दहशत है। हालांकि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

गुरुवार को स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने धनबाद–रांची मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। ग्रामीणों ने टायर जलाकर बीसीसीएल और जिला प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया। उनका कहना था कि जब तक सुरक्षित पुनर्वास की व्यवस्था नहीं होती और जहरीली गैस के स्रोत को चिह्नित कर बंद नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। लगभग चार घंटे बाद अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच वार्ता होने पर जाम समाप्त हो सका।

वार्ता में ग्रामीणों ने मृतक परिवार को मुआवजा, गैस रिसाव को रोकने के ठोस उपाय और सुरक्षित पुनर्वास की मांग रखी। ग्रामीणों का कहना है कि बचाव कार्य धीमा है और उन्हें भरोसा नहीं हो पा रहा है। बीसीसीएल पीबी क्षेत्र के जीएम जी साहा ने स्वीकार किया कि इलाके में गैस रिसाव हो रहा है। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक टीम स्थिति का अध्ययन कर रही है और मिट्टी भराई सहित अन्य तकनीकी उपाय चल रहे हैं। माइकिंग कर लोगों को घर खाली करने को कहा गया है और अस्थायी रूप से दो टेंट बनाकर लोगों को शिफ्ट किया जा रहा है।

डीजीएमएस की टीम भी मौके पर पहुंच गई है और गैस को नियंत्रित करने में जुटी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी इलाके के लोगों की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हो रहे गैस रिसाव से बच्चों और बुजुर्गों पर सबसे अधिक खतरा है। इसलिए बीसीसीएल को उन्हें सुरक्षित स्थायी जगह बसाने और रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे।

## गोड्डा जिला स्थापना और अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित



लोकतंत्र की आवाज

**सुजीत कुमार,संताल परगना , प्रभारी**
**गोड्डा।** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ,गोड्डा अंजली यादव की अध्यक्षता में जिला स्थापना व अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गई। अनुकंपा समिति की बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों को प्रस्तुत किया गया। अनुकम्पा नियुक्ति से संबंधित दस्तावेज व जरूरी कागजातों की गहन जांच के बाद 2 आवेदनों में एक आवेदन स्वीकृत किया गया।

स्थापना समिति की बैठक में जिले के विभिन्न कार्यालयों में लंबे समय से कार्यरत कार्यालय अधीक्षक 8 पद प्रधान लिपिक 10 पद एवं उच्च वर्गीय लिपिक के लिए एक पद पर प्रोन्नति के संदर्भ में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राप्त कुल 19 आवेदनों में 15 आवेदन के कर्मियों के सेवा संपुष्टि से संबंधित आवेदनों की स्वीकृति प्रदान की गई ।वहीं जिनके दस्तावेजों में कमी पायी गयी उन्हें सुधार कर अगली बैठक में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि जिन कर्मियों की 10 वर्ष की संतोषप्रद सेवा पूरी हो चुकी है, उन्हें प्रथम एमएसीपी, 20 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वालों को द्वितीय एमएसीपी और 30 वर्ष की निरंतर संतोषप्रद सेवा वाले कर्मियों को तृतीय एमएसीपी का लाभ प्रदान किया गया है।

बैठक में मुख्य रूप से उपविकास आयुक्त , गोड्डा दीपक कुमार दूबे, अपर समाहर्ता, गोड्डा प्रेमलता मुर्मू, अनुमंडल पदाधिकारी , गोड्डा वैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा आलोक वरण केसरी, जिला कोषागार पदाधिकारी विजय कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा पदाधिकारी , गोड्डा मिथिला टुड्डू, जिला शिक्षा अधीक्षक , गोड्डा दीपक कुमार सहित समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

## करमा पैक्स चुनाव का नामांकन प्रक्रिया पूरी, अध्यक्ष पद के लिए दो उमीदवार ने कराया आवेदन



लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के करमा पैक्स ढोढ़ी में पैक्स चुनाव को लेकर अध्यक्ष पद के लिए गिरेंद्र कुमार एवं मनोज कुमार यादव ने नामांकन करवाया ।वहीं कार्यकारणी सदस्य में पांच महिला का नामांकन हुआ जो निर्विरोध घोषित होंगे। साथ हीं पुरुष सदस्यों में पांच सदस्यों का चुनाव होना था जहां दस उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। सभी उम्मीदवारों का नामांकन स्वीकार किया गया ।08/12/2025 को नाम पर आपत्ति, आपत्ति का निवारण और विधिमान नामांकन का प्रसारण किया जाएगा। दिनांक 16/12/2025 को नाम वापसी नामांकन सूची का प्रदर्शन, चुनाव चिन्ह का आवंटन और 19/12/2025 को मतदान होगा।

चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाने में निर्वाची पदाधिकारी अशोक कुमार प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी प्रतापुर एवं प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी इटखोरी नीरज कुमार सिन्हा ने किया। मौके पर करमा पंचायत मुखिया रामनाथ यादव, मांझगावाँ पंचायत मुखिया मंजीत सिंह,करन कुमार,सर्जन दांगी, महेंद्र राणा,नंदकिशोर यादव,कैलाश यादव,राजेन्द्र रविदास के अलावे कई लोग मौजूद थे।

## कुंदा में धान खरीद केंद्र नहीं खुलने से किसान परेशान, औने-पौने दाम में बेचने पर विवश



लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**कुंदा(चतरा)।** कुंदा प्रखंड में अभी तक सरकारी स्तर पर धान क्रय केंद्र नहीं खोला जा सका है, जिससे प्रखंड क्षेत्र के किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान अपने धान को क्षेत्र के साहूकारों के हाथों बेचने को मजबूर हैं।

कृषकों का कहना है कि इस बार धान की खेती करने में बहुत भारी नुकसान हुआ है, बेमौसम बारिश के कारण 40% धान की फसल खेत में ही बर्बाद व खराब हो गया है। जो बचा है, उसे भी धान क्रय केंद्र नहीं खुलने के कारण साहूकारों के हाथों बेचने को मजबूर हैं।कृषकों की परेशानी को देखते हुए भाजपा महामंत्री मनोज कुमार यादव ने कहा कि धान क्रय केंद्र शुरू नहीं होने से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है, जबकि बिचौलियों की चांदी कट रही है। सरकार को जल्द से जल्द धान क्रय केंद्र शुरू करने की जरूरत है।वहीं, इस समस्या को देखकर कुंदा के किसानों ने स्थानीय विधायक व उपायुक्त से धान क्रय केंद्र खुलवाने की मांग की है।

## धनबाद बेलगड़िया टाउनशिप में नवनिर्मित टीओपी का उद्घाटन उपायुक्त श्री आदित्य रंजन व एसएसपी श्री प्रभात कुमार ने संयुक्त रूप से किया





लोकतंत्र की आवाज़

**पप्पु गुप्ता , ब्योरो चीफ**
**धनबाद कतरास ।** बलियापुर बेलगड़िया टाउनशिप जैसी घनी आबादी वाले क्षेत्र में बेहतर क़ानून व्यवस्था और त्वरित पुलिस कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज उपायुक्त (डीसी) और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने नव-निर्मित थाना आउट पोस्ट (टीओपी) का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में डीसी और एसएसपी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर टीओपी को जनता को समर्पित किया। अधिकारियों ने कहा कि बेलगड़िया क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है, जनसंख्या घनत्व बढ़ रहा है और इसी को ध्यान में रखते हुए एक मजबूत पुलिसिंग सिस्टम की आवश्यकता महसूस की गई थी।

एसएसपी ने बताया कि नए टीओपी के शुरू होने से क्षेत्र में गश्त बढ़ेगी, चोरी, छेड़खानी, सड़क दुर्घटनाओं और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर तुरंत नियंत्रण पाना आसान होगा। साथ ही आपदा या किसी भी आपात स्थिति में पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचेगी। डीसी ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य है कि हर घनी आबादी वाले इलाके में नागरिकों को सुरक्षित माहौल मिले। टीओपी से स्थानीय लोगों का भरोसा बढ़ेगा और सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी।

स्थानीय नागरिकों ने टीओपी खुलने का स्वागत करते हुए कहा कि अब छोटी-बड़ी शिकायतों के लिए दूर थाना नहीं जाना पड़ेगा। इलाके में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी। अंत में, पुलिस अधिकारियों ने अपील की कि लोग किसी भी घटना, संदिग्ध गतिविधि या समस्या की जानकारी तुरंत टीओपी को दें और सहयोग करके क्षेत्र को सुरक्षित रखने में योगदान दें।

# लोकतंत्र की आवाज

अपना देश

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक डिजीटल समाचार पत्र

नवादा, शुक्रवार, 05 दिसम्बर 2025




## संक्षिप्त खबरें ।

### जमीन हड़पने को लेकर कुछ दबंगों ने सुजाता समेत चार बहनों को मारपीट कर किया घायल, न्याय की लगाई गुहार



लोकतंत्र की आवाज
समस्तीपुर। जिले के खानपुर थाना क्षेत्र के मसीना के टेढ़ा गांव निवासी सुजाता देवी पति धर्मेंद्र महतो ने खानपुर थाना में आवेदन देकर कहा है कि दिनांक 3 दिसंबर 2025 को हम सभी बहन रिंकू देवी, चांदनी कुमारी, आरती कुमारी एवं मां गीता देवी के साथ बैठकर आपस में बातचीत कर रहे थे कि पिता जी का तबियत खराब रहता है उनका इलाज सही से कैसे हो। इस सिलसिले में हम सभी बहन मिलकर पैसा इकट्ठा कर इलाज के लिए पटना ले जाने का इरादा कर रहे थे। तभी घर के बगलगीर उमेश महतो पिता स्व योगी लाल महतो, प्रिंस कुमार पिता उमेश महतो, पगलू महतो पिता स्व लालधारी महतो, देवेंद्र महतो, कंचन कुमारी दोनों के पिता देवेंद्र महतो, कोमल कुमारी पिता वीरेंद्र महतो, रेखा देवी पति देवेंद्र महतो आदि मिलकर मेरे घर पर आ धमके और भद्दी भद्दी गाली देने जब हमलोग इसका विरोध किए तो सभी ने मिलकर हमलगों के साथ बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिया। तथा धमकी दिया कि तुम्हारा कोई भाई भी नहीं है तथा कहा कि जिस जमीन में घर बनाकर रह रही हो इसे हम कब्जा कर लेंगे। आवेदिका ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### सरधना विधानसभा अध्यक्ष बने मोहम्मद अशरफ



लोकतंत्र की आवाज
मेरठ। समाजवादी पार्टी के मेरठ जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी ने गुरुवार को जेल रोड स्थित जिला कार्यालय पर मोहम्मद अशरफ को जिला संगठन में जिम्मेदारी देते हुए सरधना विधानसभा अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। कार्यालय प्रभारी इंजीनियर संदीप यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की अनुमति मिलने के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है।मोहम्मद अशरफ के सरधना विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त होने पर कार्यालय पर मौजूद रहे बॉबी कैलाशपुरी, अजय अधाना, फ़ैज़ान अंसारी,नकुल गुर्जर, फैजल ख़ान, इंजीनियर संदीप यादव, अजय गहलोत, परमेश मुक़द्दम सिंह, सुंदर वाल्मीकि,ललित गुर्जर आदि ने उन्हें बधाई दी है।

### मुख्य सचिव ने निर्माणाधीन ताजपुर बख्तियारपुर फोरलेन का किया निरीक्षण, दिए कई आवश्यक निर्देश



लोकतंत्र की आवाज
समस्तीपुर। वृहस्पतिवार को मुख्य सचिव बिहार प्रत्यय अमृत द्वारा निर्माणाधीन ताजपुर बख्तियारपुर फोरलेन का निरीक्षण किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य सचिव द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारीगण के साथ समीक्षात्मक बैठक कर फोरलेन के निर्माण में तेजी लाने हेतु निर्देश दिया गया। मौके पर बी एस आर डी सी के एम डी शीर्षत कपिल अशोक, राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े अभियंता, जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा, पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह सहित सभी संबंधित पदाधिकारी का मौजूद थे।

### एन एच 80 के गड्ढे में गिर कर राहगीर घायल



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। एन एच 80 चांदपुर के पास पुल के बगल में गढ़ा खोद के 15 दिन से छोड़ दिया है। जिसमे गिर कर यात्री घायल हो रहे है। एन एच अधिकारी के द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। ना ही इस का बैरिकेटिंग कर रही है। देर रात 8 बजे प्रकाश कुमार उम्र 28 साल गिर कर घायल हो गया।जो खगड़िया के परसाहा का रहने वाला है। प्रकाश के सिर में चोट लगी है। इनके साथ एक आदमी और हैं। घायल को अभिनंदन कुमार , और पंकज ने रेफरल अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सक खतरे से बाहर बताया।

# जिलाधिकारी-एसपी ने नगर के हाटा स्थित शेल्टर होम का जायजा लिया

**कोंच में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिए निर्देश, लोगों से की बातचीतः डीएम**






लोकतंत्र की आवाज

**कोच जालौन।** जिले में बढ़ती ठंड के मद्देनजर रखते हुए जिला प्रशासन हुआ सक्रिय । बुधवार देर शाम जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय और पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कोंच एसडीएम ज्योति सिंह के साथ नगर के हाटा स्थित शेल्टर होम का निरीक्षण किया। उन्होंने आश्रय स्थलों में जरूरतमंदों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी ने कड़ाके की ठंड में किसी भी व्यक्ति के खुले में न रहने पर जोर दिया। उन्होंने शेल्टर होम में साफ चादरें, पर्याप्त कंबल, स्वच्छ शौचालय और उचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

डीएम ने आश्रय स्थलों में आने—जाने वाले लोगों की एंट्री दर्ज करने को भी कहा, ताकि उनका रिकॉर्ड रखा जा सके। इसके अतिरिक्त, उन्होंने भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और आश्रय लेने वाले लोगों को समय पर भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र में जगह—जगह अलाव जलवाने के निर्देश भी दिए, जिससे बेघर और राहगीर ठंड से राहत पा सकें। शीतलहर की स्थिति को देखते हुए, उन्होंने अधिशासी अधिकारी कोंच मोनिका उमराव को कोंच नगर में तीन माह के लिए अस्थायी शेल्टर होम तैयार करने का आदेश दिया। डीएम ने सुझाव दिया कि यह अस्थायी रेन बसेरा बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन के मध्य बनाया जाए, ताकि लोगों को वहां तक पहुंचने में आसानी हो और सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शेल्टर होम में अलाव, साफ—सफाई, पेयजल सुविधा के साथ—साथ सीसीटीवी कैमरे भी अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। इससे निगरानी व्यवस्था मजबूत होगी और किसी भी समस्या को तुरंत पहचाना जा सकेगा। बाद में जिलाधिकारी ने कान्हा गौशाला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गोवंशों की स्थिति का जायजा लिया और स्वयं हाथों से गुड़ खिलाकर उनकी देखभाल पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने गौशाला प्रबंधन को ठंड से बचाव के लिए अतिरिक्त व्यवस्थाएं करने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान कोंच नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, क्षेत्राधिकारी कोंच परमेश्वर प्रसाद, अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव, लिपिक राजा गुप्ता, कोंच कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अजीत सिंह और कई विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मनरेगा योजना, ग्राम निधि में वित्तीय अनियमितता उजागरः प्रधान समेत दो पूर्व सचिवों से 3.73 लाख की वसूली होगी



लोक तंत्र की आवाज

**उरई ।** कोंच विकास खंड की ग्राम पंचायत पिरौना में मनरेगा और ग्राम निधि के कार्यों में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं सामने आई हैं। दो चरणों की जांच के बाद डीएम राजेश कुमार पांडेय ने प्रधान और दो पूर्व सचिवों से कुल 3,73,239 रुपए की क्षतिपूर्ति वसूलने का आदेश दिया है।

डीएम ने बताया कि 4 अक्टूबर 2023 को गठित त्रिस्तरीय समिति ने 18 नवंबर 2024 को अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी थी। इसके अतिरिक्त, डिप्टी कलेक्टर/उप जिलाधिकारी प्रशिक्षु, खंड विकास अधिकारी कुठौंद और निर्माण खंड—3 लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता की संयुक्त टीम ने 8 दिसंबर 2023 को पिरौना में कराए गए विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया था।

**जांच में वित्तीय अनियमितता की पुष्टिः** दोनों रिपोर्टों में पाया गया कि पंचायत में कई विकास कार्य अधूरे छोड़ दिए गए थे। नाली निर्माण भी पूरा नहीं मिला और अभिलेखों में महत्वपूर्ण विवरण दर्ज नहीं किए गए थे। जांच के दौरान आवश्यक दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए गए। जिससे वित्तीय अनियमितताओं की पुष्टि हुई।

रिपोर्टों के आधार पर, सरकारी धन का कुल 3,73,239 रुपए का अपव्यय या दुरुपयोग पाया गया। इसके लिए ग्राम प्रधान प्रीति यादव, तत्कालीन पंचायत सचिव सुमित यादव और तत्कालीन सचिव अनुज गुप्ता को संयुक्त रूप से जिम्मेदार ठहराया गया है। डीएम ने तीनों संबंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था। हालांकि, निर्धारित समय सीमा के भीतर किसी का भी संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं हुआ, जिसे प्रशासन ने आरोपों की मौन स्वीकृति माना है।

उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 27(2) के अंतर्गत क्षतिपूर्ति निर्धारण के बाद, प्रधान प्रीति यादव से 1,86,619.50 रुपए, पूर्व सचिव सुमित यादव से 1,21,170.00 रुपए और पूर्व सचिव अनुज गुप्ता से 65,449.50 रुपए की वसूली की जाएगी। कुल वसूली राशि 3,73,239 रुपए है। डीएम ने बताया कि यदि वसूली की यह राशि जमा नहीं की जाती है, तो उनके खिलाफ प्राथमिकी (ाकफ) दर्ज कराई जाएगी।

## महंत अनंतेश्वर गिरी महाराज ने सुनील भराला से की मुलाकात



लोकतंत्र की आवाज

**मेरठ।** गुरुवार को लव कुश मंदिर के महंत श्री श्री 1008 अनंतेश्वर गिरी महाराज ने श्रम विभाग के पूर्व राज्यमंत्री सुनील भराला से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पूर्व राज्य मंत्री सुनील भराला से कई विषयों पर चर्चा की। जब महंत अनंतेश्वर गिरी महाराज ने सुनील भराला से लव कुश जन्म भूमि मंदिर के बारे में चर्चा की तो उन्होंने तत्काल अधिकारियों को सूचना दी। और लव कुश मंदिर के विषय में हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

## भाजपा जिला अध्यक्ष हरवीर सिंह पाल ने कार्यभार संभाला

लोकतंत्र की आवाज



■ मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान के अलावा सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता रहे मौजूद कई जगह हुआ स्वागत

**संवाददाता गौहर अनवार**
**मेरठ।** भारतीय जनता पार्टी जिला मेरठ के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष हरवीर सिंह पाल के कार्यभार ग्रहण कार्यक्रम को लेकर बागपत रोड हरमन सिटी स्थित,क्षेत्रीय कार्यालय पर जिला बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री भंवर सिंह तोमर ने किया। अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक त्यागी ने की। बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष हरवीर पाल गुरुवार को सुबह कमिश्नरी पर सभी महापुरुषों की मूर्ति पर माल्यार्पण कर, औघड़नाथ नाथ मंदिर पर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लेकर सभी कार्यकर्ताओं के साथ अपनी मोटरसाइकिल से कार्यालय पहुंचे।

वहां पर उपस्थित हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से नव निर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत किया। रास्ते में हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष हरवीर सिंह पाल का स्वागत किया। अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष हरवीर पाल ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं, पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे ?अभियान और आगामी अभियानों को हम सब मिलजुल कर सफल बनाएंगे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष हरवीर पाल को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। और सभी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष का पूरी तरीके से सहयोग करें। इस अवसर पर निवर्तमान जिला अध्यक्ष शिवकुमार राणा एवं पूर्व अध्यक्ष विमल शर्मा महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी ने नए निर्वाचित अध्यक्ष को बधाई दी। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष विमल शर्मा, निवर्तमान जिला अध्यक्ष शिवकुमार राणा, पूर्व विधायक रणवीर राणा, सत्यवीर त्यागी, पूर्व जिला अध्यक्ष अनुज राठी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनिंदर पाल सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी मानसिंह गोस्वामी, हरेंद्र जाटव, संजय त्यागी, महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला, चरण सिंह लिसाड़ी, महामंत्री भंवर सिंह तोमर, समीर चौहान, हरीश चौधरी के अलावा पूर्व ब्लाक प्रमुख मनोज चौहान, कौशल चौहान, जिला पंचायत सदस्य सभी मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं सभी मंडल अध्यक्ष आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरेनी : चाचा की दबंगई से परेशान भतीजा, जमीन जोतने से रोका, न्याय के लिए भटक रहा पीड़ित



■ एसडीएम से शिकायत के बावजूद अब तक किसी भी तरह की कार्रवाई न होने से निराश पीड़ित

लोकतंत्र की आवाज

**सरेनी(रायबरेली)।** योगी सरकार में कानून—व्यवस्था को लेकर सख्त दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर दबंगई के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे।ताजा मामला सरेनी थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहाँ चाचा पर दबंगई दिखाते हुए भतीजे की हिस्सेदारी वाली जमीन पर जबरन कब्जा कर उसे खुद बोने—जोतने का आरोप लगा है।पूरे बघेलन मजरे पहुरी गांव निवासी जितेंद्र बहादुर सिंह पुत्र स्वर्गीय नरेंद्र बहादुर सिंह ने अपने चाचा वीरेंद्र सिंह पुत्र स्वर्गीय राम सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि खतौनी में सहखातेदार होने के बावजूद उसके चाचा उसकी जमीन को जबरन जोत—बो रहे हैं।पीड़ित जितेंद्र ने बताया कि जब भी वह अपने हिस्से की जमीन बोने जाता है।

चाचा द्वारा उसे गाली—गलौज कर भगा दिया जाता है और किसी भी तरह समझौते के लिए तैयार नहीं होते।जितेंद्र के अनुसार चाचा वीरेंद्र सिंह ने जमीन पर लोन भी ले रखा है और अब दबाव डाल रहे हैं कि वह उक्त ऋण का भुगतान करे, जबकि लोन चाचा ने लिया और उसका पूरा लाभ भी उन्होंने ही उठाया।इसके बावजूद वे उसे उसके हिस्से की जमीन देने में लगातार आनाकानी कर रहे हैं।पीड़ित ने एसडीएम लालगंज को प्रार्थना—पत्र देकर न्याय की मांग की थी, लेकिन शिकायत के बावजूद अब तक किसी भी तरह की कार्रवाई न होने से वह निराश है।

जितेंद्र का कहना है कि प्रशासनिक दरवाजों पर दौड़ने के बावजूद उसे अभी तक न्याय नहीं मिला और वह अपने हिस्से की जमीन जोतने—बोने से वंचित है।गाँव में इस प्रकरण को लेकर चर्चा का माहौल है और लोग प्रशासनिक नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं।

## जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई पर मुखिया रमेश मांझी ने कहा आरोप लगाना बिलकुल गलत एवं निराधार है



लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपुर।** जिले के खानपुर प्रखंड के श्रीपुर गाहर पश्चिमी पंचायत में विकास योजनाओं की राशि बिना कार्य कराए निकासी करने के गंभीर आरोपों के बाद बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। लोक प्रहरी सह आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल ने पंचायत की मुखिया रमेश मांझी को पद से मुक्त करने पर अनुशंसा की है।

इस मामले को लेकर गाहर पश्चिमी के मुखिया रमेश मांझी ने अपने निवास स्थान पर प्रेस वार्ता कर मीडिया कर्मियों को बताया कि मैं अपने पंचायत में दस सालों से मुखिया बनकर समाज की सेवा कर रहा हूं जिसने भी मेरे खिलाफ कार्रवाई करने के लिए उच्च अधिकारियों से अनुशंसा की है वह बिल्कुल गलत और बेबुनियाद है। उन्होंने बताया कि आपसी रंजिश के कारण मेरे ऊपर झूठा इल्जाम लगाकर मुझे बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने उच्च अधिकारियों से पंचायत में चल रहे विकास योजनाओं को आकर देख सकते हैं।

# बिहपुर थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस सतर्क



लोकतन्त्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर।** गुरुवार को बिहपुर थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा के नेतृत्व में हुए इस अभियान में मुख्य चौकों पर पुलिस बल की तैनाती की गई।

एसआई अवधेश कुमार ने टीम के साथ वाहन चालकों की सघन जांच की।इस दौरान बिना हेलमेट, कागजातों के अभाव तथा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में सुरक्षा माहौल बनाए रखने और सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए यह अभियान आवश्यक है।थाना अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि आम लोगों की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है।

समयझसमय पर ऐसे अभियान चलाकर यातायात व्यवस्था को नियंत्रित किया जाएगा और लोगों में जागरूकता भी बढ़ाई जाएगी। पुलिस द्वारा किए गए इस कदम से क्षेत्र में सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने का संदेश भी दिया गया।

# राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान ने कन्या जन्मोत्सव के मौके पर नवजात बच्चों को दिया आशीर्वाद



■ गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, शिशुओं का अन्नप्राशन और सुरक्षा किट वितरित

लोक तंत्र की आवाज

**उरई।** राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान ने आज महिला जिला अस्पताल में आयोजित कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने अस्पताल में जन्मी नवजात कन्याओं को आशीर्वाद देते हुए उनके स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म पूरी कर उन्हें स्वस्थ गर्भावस्था एवं सुरक्षित प्रसव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। इसके साथ ही नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार सम्पन्न कराया गया तथा अस्पताल में जन्मी कन्याओं को सुरक्षा किट प्रदान की गई।

सुरक्षा किट में आवश्यक शिशु देखभाल सामग्री शामिल थी, जिससे माताओं को शुरुआती दिनों में सहायता मिल सके। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी विस्तार से दी। उन्होंने मुख्यमंत्री मातृत्व योजना, जननी सुरक्षा योजना, बेटी बचाओ—बेटी पढ़ाओ अभियान, पोषण अभियान सहित अनेक जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की उपयोगिता बताई और महिलाओं से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। महिला आयोग अध्यक्ष ने अस्पताल प्रशासन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में कन्या जन्म के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य व कल्याण की कामना की और कहा कि महिला सम्मान और सशक्तिकरण से ही समाज का विकास संभव है।

इसके उपरांत मा० महिला आयोग अध्यक्ष ने जिला महिला अस्पताल के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० डी०के० भिटौरिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला अस्पताल डॉ० एस०के० पाल, कार्यक्रम अधिकारी शरद अवस्थी सहित आदि मौजूद रहे।


लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराइज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।